1 nov page 1_01.qxd 10/31/2023 10:01 PM Page 1



करवा चौथ आज


# दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की


नौकरी के लिए नहीं, देश के लिए खेलते हैं ...

P8



वर्षः1 ■ अंकः 53 ■ मूल्यः 3 ■ पृष्ठः 08 ■ प्रधान संपादकः सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ बुधवार ■ 1 नवंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

न्यूज डायरी

## गोपाल कांडा के गोवा दफ्तर और कैसीनो पर ईडी की रेड



**चंडीगढ़।** गीतिका शर्मा सुसाइड केस में बरी होने वाले और गीतिका शर्मा की मां अनुराधा शर्मा सुसाइड केस का सामना कर रहे हरियाणा में हलोपा विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल कांडा की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के बाद अब गोवा और सिलीगुड़ी में कई स्थानों पर छापेमारी की है। यहां कांडा के दफ्तर और कैसीनो में देर रात ईडी ने रेड शुरू की थी, जो की खबर लिखने तक जारी थी। बता दें किगोपाल कांडा का गोवा में बिग डैडी नाम से कैसीनो चलता है। उन्हें गोवा का कैसीनो किंग भी कहा जाता है। एक समय कांडा का कैसीनो गोवा में समुद्र के अंदर खे` रहने वाले शिप पर चलता था। गोपाल कांडा की कंपनी मैसर्स गोल्डन ग्लोब होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के इस शिप में उनका कैसीनो रियो चलता था। यह शिप गोवा की मंडोवी नदी में खड़ा रहता था। हरियाणा के सिरसा से निर्दलीय विधायक और हरियाणा लोकहित पार्टी के सुप्रीमो गोपाल गोयल कांडा के हरियाणा के ठिकानों पर तीन महीने पहले श्वष्ठ रेड कर चुकी है। श्वष्ठ ने रेड के दौरान 21 घंटे तक गोपाल कांडा की संपत्ति का ब्योरा खंगाला था। हरियाणा में गृह राज्य मंत्री रह चुके विधायक गोपाल कांडा के खिलाफ ईडी आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच कर रही है।

## हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस में हुई बड़ी ज्वाइनिंग, सरपंचों व पूर्व सरपंचों थामा दामन



**चंडीगढ़।** नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में एक बार फिर से बड़ी ज्वाइनिंग हुई है। ज्वाइनिंग करवाते वक्त विधायक सुभाष गांगोली मौजूद रहे। सफीदों से जिला पार्षद और कई मौजूदा सरपंचों व पूर्व सरपंचों ने कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था जताई है। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर सभी सरपंचों और पदाधाकरियों का स्वागत करते हुए चौधरी उदयभान ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी साथियों को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पार्टी में शामिल हुए सभी सरपंचों और पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि बीजेपी-जेजेपी के कुनितियों के चलते आज हर वर्ग परेशान है। और प्रदेश की जनता अब बदलाव चाह रही है। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार की कुनितियों के खिलाफ चल रही लड़ाई में सभी मिलकर लड़ेंगे। और आने वाले समय में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

### आजादी का अमृत महोत्सव तथा अमृत कलश यात्रा का समापन, हरियाणा को मिला नेशनल अवार्ड

# हरियाणा को मिला देश में तीसरा स्थान, पीएम मोदी ने किया पुरुस्कृत

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हरियाणा में आयोजित किए गए 31 हजार कार्यक्रम

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। हरियाणा ने राष्ट्रव्यापी आजादी का अमृत महोत्सव में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश को नेशनल अवार्ड प्रदान किया। हरियाणा को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों के आधार पर देश में तीसरा स्थान मिला है। यह पुरस्कार आजादी का अमृत महोत्सव तथा अमृत कलश यात्रा के समापन समारोह में आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने प्राप्त किया। अमृत पुरस्कारों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के चयन के लिए एक जूरी का गठन किया गया था और समग्र मानदंडों पर विचार करने के बाद, जूरी ने हरियाणा को देश में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य के रूप में अनुशंसित किया। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रमों के आयोजन के




लिए प्रदेश में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग को नोडल विभाग के तौर पर नामित किया गया था। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने पुरूस्कार प्राप्त करने के बाद बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में 12 मार्च, 2021 से 31 अक्टूबर, 2023 तक आजादी का अमृत महोत्सव के तहत राज्य में बड़ी संख्या में कार्यक्रम आयोजित किए गए और उनका विवरण भी महोत्सव के लिए समर्पित वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

### आजादी के लिए लड़ने वालों को सच्ची श्रद्धांजलि : संजीव कौशल

मुख्य सचिव संजीव कौशल ने पुरूस्कार प्राप्त करने के बाद बताया कि देश की आजादी की 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में दो साल आजादी का अमृत महोत्सव समारोहों के साथ मेरी माटी मेरा देश अभियान भी चलाया गया, जिसका समापन आज हुआ है। यह स्मारकीय आयोजन भारत की आजादी के लिए लड़ने वालों और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के लिए अथक प्रयास करने वालों के बलिदान और योगदान के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन पूरे देश में एक व्यापक स्तर पर किया गया जिसमें संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज की भागेदारी रही।

### सीएम ने पंचकूला में रन फॉर यूनिटी को दिखाई हरी झंडी

# सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता: मनोहर

### मुख्यमंत्री बोले, स्वतंत्र भारत को एक करने में पटेल का रहा अहम योगदान

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को सरदार वल्लभभाई की जयंती के अवसर पर ट्राइडेंट हिल्स, पिंजौर में आयोजित रन फॉर यूनिटी को तिरंगा दिखा रवाना किया। इसके उपरांत भारी संख्या में उपस्थित बच्चों और युवाओं को मुख्यमंत्री ने संबोधित किया। सीएम खट्टर ने लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष 31 अक्तूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन देशभर में किया जाता है, जिसमें लाखों- करोडों की संख्या में बच्चे, महिला, पुरुष, युवा, बुजुर्ग बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं और देश की एकता व अखंडता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि पिछले कई वर्षों से उन्हें हर वर्ष किसी न किसी स्थान पर इस आयोजन में शामिल होने का अवसर मिलता रहा है। संभवत यह पहला अवसर है जब शिवालिक की तलहटी में बसे पंचकूला की इन वादियों में हर्षोल्लास के वातावरण में मनोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे नवीन भारत के निर्माता थे और देश की आजादी के संघर्ष में उन्होंने जितना योगदान दिया, उससे ज्यादा योगदान उन्होंने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया।




### राष्ट्र की एकता, अखंडता की शपथ दिलवाई

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलवाई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने भारत माता की जय के उद्घोष के बीच बच्चों और युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए रन फॉर यूनिटी को रवाना किया। हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने जोश और जुनून के साथ दौड़ लगाई और लगभग 3 किलोमीटर का सफर तय करते हुए अमरावती विद्यालय पहुंचे, जहां देशभक्ति के गीतों से उनका जोरदार स्वागत किया गया।

### आजादी के समय छोटी-बड़ी रियासतों में बंटा हुआ था देश

उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के समय देश छोटी-बड़ी रियासतों में बंटा हुआ था और उन्होंने निर्विवाद तरीके से सभी रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर संविधान के अंतर्गत कायम व्यवस्था में लाकर देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी मात्र एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह देश के हर नागरिक में एकता व अखंडता की भावना से ओतप्रोत करती है और देश के लिए मर मिटने का जज्बा पैदा करती है। उन्होंने कहा कि आज कई विदेशी ताकतें भारत को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं, परंतु हमने संकल्प लिया है कि अपने देश पर किसी को भी नजर उठा कर देखने नहीं देंगे।

# हरियाणा के आईएएस विजय दहिया, जयवीर आर्य सस्पेंड

### रिश्वत मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 20 दिन पहले किया था गिरफ्तार

### दोनों आईएएस अफसर अंबाला सेंट्रल जेल में बंद हैं

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़।**

हरियाणा में रिश्वत के अलग-अलग मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो के हत्थे चढ़े प्रदेश के दो आईएएस अधिकारी विजय दहिया और जयवीर आर्य को गिरफ्तारी के 20 दिन बाद सरकार ने सस्पेंड कर दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मंजूरी के बाद कार्मिक विभाग की ओर से दोनों अफसरों के निलंबन पत्र जारी किए गए। एसीबी द्वारा सरकार को दोनों ऑफिसर्स की गिरफ्तारी की सूचना नहीं दिए जाने के कारण सस्पेंशन की कार्रवाई में देरी हुई है। कार्मिक विभाग को एसीबी की ओर से रिटेन में इन्फॉर्मेशन नहीं देना बताया गया। क्योंकि कार्मिक विभाग ने एसीबी को लेटर लिखकर आर्य की गिरफ्तारी की जानकारी मांगी थी। दहिया के मामले में मुख्य सचिव कार्यालय को समय से जानकारी मिल गई थी, लेकिन सरकारी प्रक्रिया के तहत निलंबन का पत्र जारी होने में करीब 20 दिनों का समय लग गया। दोनों आईएएस अफसर अंबाला सेंट्रल जेल में बंद हैं। जबकि मामले में दो अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आर्य को एक दिन की रिमांड के बाद 13 अक्टूबर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। सोनीपत नगर निगम के एक घोटाले में महीनों पहले गिरफ्तार हुए पूर्व निगम कमिश्नर एवं ह्रूस धर्मेंद्र सिंह की बहाली पर संकट छा गया है। सूत्रों की माने तो सरकार ने धर्मेंद्र को बहाल करने से मना कर दिया है। धर्मेंद्र प्रदेश के एक पूर्व मंत्री के नजदीकी रिश्तेदार हैं।



### पहले दिन विजय की, दूसरे दिन आर्य की हुई गिरफ्तारी

हरियाणा रोजगार कौशल निगम रिश्वत मामले में आईएएस विजय दहिया को एंटी करप्शन ब्यूरो ने 10 अक्टूबर की शाम को गिरफ्तार किया था। इस पूरे मामले का शिकायतकर्ता फतेहाबाद निवासी रिंकू मनचंदा की ओर से ब्यूरो को दी शिकायत से खुलासा हुआ था। इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक महिला पूनम चोपड़ा को भी गिरफ्तार किया था, जिसके पास से रिश्वत के पैसे बरामद किए थे। वहीं, इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने 11 अक्टूबर की शाम हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के एमडी आईएएस जयवीर आर्य को पंचकूला से गिरफ्तार किया था।

# अवैध खनन को रोकने के लिए आठ जिलों में करवाई जाएगी मैपिंग: विज

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए 8 जिलों में मैपिंग करवाई जाएगी। इसकी शुरूआत यमुनानगर जिले से की जा रही है। इसके अलावा, एनफोर्समेंट ब्यूरो की कॉमन एसओपी भी तैयार की जाएगी। विज ने यह जानकारी आज यहा हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो के अधिकारियों के साथ बैठक में दी। गृह मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो में शामिल सभी विभाग अपने-अपने विभाग की एसओपी देंगे ताकि ब्यूरो की कामन एसओपी तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए मैपिंग का होना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही वैध खनन करने वाले वाहनों में जीपीएस चिप लगाई जाए ताकि अवैध खनन को रोका जा सकें। इसके साथ ही ई-रवाना भी जरूरी किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए अधिक से अधिक सख्ती बरती जाए क्योंकि हम सबका काम प्रदेश से अवैध खनन की चोरी को रोकना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डिस्टलरी के बाहर नाइटविजन कैमरे लगाए जाए ताकि हमें वहां से आने व जाने वाले हर ट्रक की गतिविधियों की पूरी जानकारी रहें।उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने अवैध खनन, सरकारी स्थलों पर अतिक्रमण, अवैध निर्माण, चालान और अवैध शराब व्यापार के मामलों की निगरानी और आपराधिक कार्रवाई शुरू करने के लिए ब्यूरो की स्थापना की है।



### बोले, एनफोर्समेंट ब्यूरो की कॉमन एसओपी की जाएगी तैयार

### उद्यमियों की राय पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने दिए संकेत

# दुबई की तर्ज पर हरियाणा में होगा गुरुग्राम फेस्टिवल

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़।**

दुबई फेस्टिवल की तर्ज पर हरियाणा सरकार गुरुग्राम फेस्टिवल आयोजित करने पर विचार कर रही है। जिस तरह दुबई फेस्टिवल में लोग दूर-दूर से इलेक्ट्रानिक सामान से लेकर सोने के आभूषणों तक खरीदने पहुंचते हैं, उसी तरह गुरुग्राम फेस्टिवल में बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने उत्पाद बिक्री के लिए प्रदर्शित कर सकेंगी। नई कंपनियों के लिए अपने उत्पादों की ब्रांडिंग करने में भी गुरुग्राम फेस्टिवल बड़ा प्लेटफार्म साबित हो सकेगा। गुरुग्राम फेस्टिवल की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जल्दी ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ चर्चा करेंगे। गुरुग्राम में दो दिन पहले आयोजित एक्सपो में उद्यमियों से बातचीत के दौरान गुरुग्राम फेस्टिवल का विचार सामने आया। कुछ उद्यमियों ने उप मुख्यमंत्री को सलाह दी कि गुरुग्राम फेस्टिवल आयोजित किया जा सकता है। एनसीआर में गुरुग्राम चूंकि बड़ा औद्योगिक हब, आटो हब, आइटी हब और रियल एस्टेट हब है, इसलिए यहां गुरुग्राम फेस्टिवल आयोजित होने तथा उसके कामयाब होने की भरपूर संभावनाएं हैं। इस तरह के फेस्टिवल में उपभोक्ताओं व खरीददारों को आकर्षण छूट प्रदान की जाती है। दुबई शापिंग फेस्टिवल में इलेक्ट्रानिक सामान से लेकर सोने के आभूषणों तक करीब डेढ़ हजार दुकानें सजती हैं, जिनमें कपड़े, घरेलू सजावट के सामान, इलेक्ट्रानिक गैजेट, सूखे मेवे, आभूषण और शीर्ष ब्रांडों के उत्पादों पर 75ह्र तक छूट मिलती है। दुबई फेस्टिवल का आनंद उठाने तथा खरीददारी के लिए विभिन्न देशों के लोग वहां पहुंचते हैं। इस बार दुबई फेस्टिवल 15 दिसंबर 2023 से 29 जनवरी 2024 तक है।



### राज्य सरकार नीति बनाने पर कर रही विचार

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के अनुसार गुरुग्राम फेस्टिवल हर साल आयोजित करने के लिए राज्य सरकार एक नीति बनाने पर विचार कर रही है। गुरुग्राम एक्सपो में अधिकतर उद्यमियों ने ऐसी किसी भी शुरुआत को स्वीकार करने में रुचि दिखाई है। गुरुग्राम फेस्टिवल में शामिल होने वाले उपभोक्ताओं के लिए उद्योगपति मिलकर पुरस्कारों की व्यवस्था कर सकते हैं। यह बेहतरीन कार, सोने के आभूषण और फ्लैट से लेकर किसी भी रूप में हो सकते हैं। जिस तरह से दुबई फेस्टिवल में उत्पादों पर आश्चर्यजनक छूट मिलती है, उसी तरह की व्यवस्था गुरुग्राम फेस्टिवल में संभव है। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक चार साल के भीतर करीब 40 हजार करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। गुरुग्राम फेस्टिवल में गाजियाबाद, नोएडा व दिल्ली तक की कंपनियां भागीदारी करने आ सकती हैं। धीरे-धीरे इसका स्वरूप व्यापक रूप लेगा और गुरुग्राम फेस्टिवल की बड़ी पहचान बनाई जाएगगी।

मुलाकात

### बिप्लब देब से हरियाणा भाजपा अध्यक्ष नायब सैनी ने की मुलाकात

# भाजपा संगठन के कार्यक्रमों को लेकर प्रभारी से की मंत्रणा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

- भाजपा के शीर्ष नेताओं से जल्दी होगी नए अध्यक्ष की मुलाकात
- लोकसभा की सभी सीट जीतने व राज्य में तीसरी बार सरकार बनाने का दावा

हरियाणा भाजपा के नव नियुक्त अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने रोहतक कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को नई दिल्ली में पार्टी प्रभारी बिप्लब कुमार देब से मुलाकात की। हालांकि बिप्लब देब सोमवार को नायब सैनी के दायित्व ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए थे, लेकिन मंगलवार को नई दिल्ली में हुई मुलाकात में नायब सैनी ने प्रभारी से पार्टी के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। नायब सैनी जल्दी ही भाजपा सरकार में साझीदार डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से भी मुलाकात कर सकते हैं। दुष्यंत चौटाला ने नायब सैनी को प्रदेश अध्यक्ष बनने की फोन पर बधाई दी है। नायब सैनी के भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ-साथ पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिलकर आशीर्वाद लेने की योजना है। हालांकि अमित शाह दो नवंबर को करनाल में आयोजित अंत्योदय सम्मेलन में भागीदारी करने आ रहे हैं, लेकिन सैनी ने केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के लिए उनके कार्यालयों में समय मांगा है। सैनी आरएसएस के नेताओं से भी मुलाकात कर पार्टी की गतिविधियों को गति प्रदान करने का आशीर्वाद लेंगे। नई दिल्ली में पार्टी प्रभारी बिप्लब देब से मुलाकात के बाद नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में सरकार और संगठन के बीच तालमेल बढ़ाने से लक संगठन के कामकाज को गति देने पर विस्तृत बातचीत हुई है। लोगों के बीच पहुंचने के कार्यक्रमों पर बातचीत की गई। लोकसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया है। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है। वहां सिर्फ परिवार और घरानों की सुनी जाती है। कार्यकर्ता की कहीं कोई सुनवाई नहीं है। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जो एक साधारण से साधारण कार्यकर्ता को भी विधायक, सांसद, मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष तक बना सकती है।



### कांग्रेस में न तो इंजन है और न ही डिब्बा

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस में न तो इंजन है और न ही डिब्बा है। बिना इंजन और बिना डिब्बे की रेल का क्या मतलब होता है, यह सबको पता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की 2019 से अधिक सीटें आएंगी तथा प्रदेश में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हमारे पास पन्ना प्रमुख और हर मोर्चे पर कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज है, जो हमें लोकसभा और विधानसभा चुनाव जितवाएगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पार्टी ने ओबीसी चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है, जो मुख्यमंत्री मनोहर लाल की हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मंत्र को चरितार्थ करती है।

# गोहाना और खरखौदा क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाएगा अदाणी समूह

### 80 एकड़ में बनेगी यूनिट, 1500 से 1600 करोड़ रुपये होंगे निवेश

### सिंगापुर की कंपनी भी होगी साथ, आटा-तेल-मिलेट समेत खाद्य वस्तुएं होंगी तैयार

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़।**

हरियाणा को बिजली उपलब्ध कराने वाले अदाणी समूह की ओर से राज्य में बड़ी खाद्य प्रसंस्करण इकाई खोली जाने वाली है। सोनीपत जिले में गोहाना व खरखौदा के आसपास करीब 80 एकड़ क्षेत्र में अदाणी की खाद्य प्रसंकरण यूनिट खुलेगी, जिसमें 1500 से 1600 करोड़ रुपये का निवेश होने की संभावना है। सिंगापुर की कंपनी इस यूनिट में अदाणी समूह के साथ मिलकर काम करेगी। अदाणी की खाद्य प्रसंस्करण यूनिट में आटा, तेल, घी, बिस्किट, मिलेट से तैयार होने वाले उत्पाद तथा घरेलू खाद्य सामग्री तैयार की जाएगी और खुले बाजार में बेची जाएगी। राज्य में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के स्थापित होने की बहुत संभावनाएं हैं। प्रदेश के सभी 22 जिलों के लिए एक जिला एक उत्पाद योजना के मापदंड और उत्पाद पहले ही केंद्र सरकार द्वारा तय किए जा चुके हैं। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण करण मंत्रालय ने यह उत्पाद तय किए हैं, जो कि खाद्य प्रसंस्करण की श्रेणी में आते हैं। इससे हरियाणा के छोटे-छोटे उद्यमियों को लाभ होगा। केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्रालय की तरफ से इन उत्पाद वाले जिलों में ब्रांडिंग और पैकेजिंग के लिए सहायता दी जाएगी, जबकि अदाणी समूह की पूरी प्रसंस्करण यूनिट स्वयं की होगी। हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के अनुसार राज्य में औद्योगिक निवेश लगातार बढ़ रहा है। आइएमटी खरखौदा में मारुति सुजुकी द्वारा 800 एकड़ तथा सुजुकी द्वारा 100 एकड़ भूमि पर उद्योग लगाने के बाद अब गोहाना-खरखौदा रोड पर अदाणी समूह की खाद्य प्रसंस्करण इकाई इसका ताजा और बड़ा उदाहरण है। प्रदेश का निर्यात वर्ष 2022-23 में बढ़कर दो लाख 45 हजार 453 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। 18 हजार 422 करोड़ रुपये के निवेश से 1 लाख 59 हजार 622 उद्योग लगे तथा 12.60 लाख लोगों को रोजगार मिला है।



## खबर फटाफट

### शहादत पर भेदभाव अग्निवीरों के बलिदान का अपमान

**सोहना।** क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने अग्निवीर और नियमित सैनिक के शहीद होने पर परिजनों की मदद में फर्क करने पर सरकार को घेरते हुए कहा कि शहादत पर भेदभाव शहीद का अपमान है। इसलिए सैनिक के बलिदान पर भेदभाव नही किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि मां भारती की रक्षा के लिए हसते-हसते अपने प्राणों की आहूति देने वाले अमर शहीद अग्निवीरों के साथ शहादत के बाद भी भेदभाव किया जा रहा है। शहादत में फर्क नही होता। इसलिए शहीदों के खून पर भेदभाव नही किया जा सकता है लेकिन भाजपा सरकार शहीदों से भी भेदभाव कर अपनी दोगली नीतियों का प्रमाण दे रही है। जिससे लोगों में मौजूदा सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर रोष पनप रहा है।

### प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय: खटाना

**सोहना ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता नौरंग खटाना बेरका का कहना है कि प्रदेश में भूपेन्द्र सिंह हुडडा के नेतृत्व में आगामी कांग्रेस की सरकार बन रही है। भाजपा की तानाशाही नीति ने आमजन की कमर तोडने का काम किया है। भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार गरीब, कमेरे वर्ग की मेहनत की कमाई को विभिन्न टैक्स दर एवं पोर्टल के माध्यम से लूटने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता नौरंग खटाना बेरका ने दावा जताया कि आज देश व प्रदेश में कांग्रेस की लहर चल रही है। उन्होने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6 हजार रुपए वृद्धावस्था पेंशन, गरीब परिवारों को 100-100 गज के मुफ्त प्लाट, इंदिरा आवास योजना दोबारा शुरू कर दो कमरे का मकान दिलवाएंगे। किसानों को एमएसपी की गारंटी, किसान आंदोलन में कुर्बानी देने वाले 750 किसानों के परिवार में एक सदस्य को नौकरी दिलवाएंगे। कर्मचारी को ओल्ड पेंशन स्कीम, हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली, हर गृहिणी को 500 रुपए में गैस सिलेंडर, सरकार बनते ही नौजवानों को 2 लाख सरकारी नौकरी दिलवाएंगे। हरियाणा को विकास और खुशहाली की पटरी पर लेकर जाएंगे।

### इनेलो लोकसभा की सभी दस सीटों पर लड़ेगी चुनाव : डागर

**सोहना ।** इनेलो युवा के हलका प्रधान सन्नी डागर का कहना है कि इनेलो की हरियाणा में सरकार बनने पर केंद्र व पंजाब सरकार पर दबाव बनाकर एसवाईएल का पानी लाएंगे। प्रदेश का पानी रोका तो पंजाब के रास्ते बंद कर देंगे, कोई रास्ता रोकेगा तो दिल्ली का पानी भी बंद कर देंगे। उन्होने आरोप लगाया कि कांग्रेस व भाजपा की सरकारों ने वोटों की राजनीति के चक्कर में एसवाईएल के नाम पर सिर्फ अपना स्वार्थ साधने का काम किया है। इनेलो युवा के हलका प्रधान सन्नी डागर ने कहा कि परिवर्तन यात्रा व देवीलाल जयंती पर जनता के समर्थन से इनेलो की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। अब हरियाणा में इनेलो विधानसभा की 90 की 90 सीटों के साथ-साथ प्रदेश में लोकसभा की सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होने दावा जताया कि इनेलो का लगातार जनाधार बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सिर्फ दिखावे की घोषणा करते हैं। जिला परिषद व निकायों के चेयरमैन की सेलरी बढ़ाने में भेदभाव किया। जिला परिषद के साथ-साथ गांवों के पंचायतों को भी पूरा मान-सम्मान मिलना चाहिए। वही जजपा पर कटाक्ष करते हुए उन्होने कहा कि इनका हरियाणा में वजूद खत्म हुआ तो अब नई जगह तलाशने के लिए राजस्थान की ओर भागे है लेकिन राजस्थान चुनावों में भी जजपा बुरी तरह मुंह की खाएगी।

### समाजसेवी के निधन पर सर्वजातीय समाज ने जताया शोक

**सोहना ।** यहां पर शहर के वार्ड-15 में रहने वाले समाजसेवी विजय कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय पटवारी हुकम चंद शर्मा का आज निधन हो गया है। सर्वजातीय समाज के लोगों का कहना है कि वह सदैव सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहे। अत्यंत मृदुभाषी व मिलनसार प्रवृति के चलते उन्होने समाज में अपनी एक विशिष्ठ पहचान बनाई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन दिनेश शर्मा, नगरपार्षद वेदकला शर्मा, मास्टर अनिल वशिष्ठ, फोटोग्राफर गोविंद शर्मा, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा, समाजसेवी अमरनाथ शर्मा, ब्राहाण सभा के प्रधान हरीश शर्मा बोबी, लायंसक्लब के पूर्व प्रधान ओमबीर शर्मा, पंडित योगेश शर्मा हिलालपुरिया, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी, रंगमंच कलाकार लाला देशराज गोयल, सोहना व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर और अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश गुप्ता, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला, पूर्व नगरपार्षद कुसुम गोयल, एडवोकेट सौरभ गोयल, दीपक गोयल एडवोकेट, पप्पू उजीनिया आदि प्रमुख लोगों ने समाजसेवी विजय कुमार शर्मा के निधन पर गहरा शोक जताया है।

### पटेल जयंती पर 5 किलोमीटर लंबी दौड़ प्रतियोगिता

**सोहना ।** ब्लॉक के गांव भौंड़सी स्थित बीएसएफ कैंप स्थित 95वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल की तरफ से सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर रन फार यूनिटी का आयोजन हुआ। जिसे बीएसएफ कैंप कमांडेट नितिन गुप्ता की अगुवाई में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में भाजपा भौंड़सी मंडल के अध्यक्ष व क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी रामकिशन राघव ने झंडा दिखाकर रवाना किया। आयोजन में क्षेत्र के सर्वजातीय समाज के लोगों और विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढे र हिस्सा लिया। करीब 5 किलोमीटर लंबी यह दौड़ बीएसएफ कैंप से शुरू होकर दिवंगत प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह सडे मार्ग से होते हुए वापिस बीएसएफ कैंप आई। दौड़ में बीएसएफ के पूर्व अधिकारियों जवानों के अलावा राहगीरों ने भी शिरकत की। इसके अलावा सीमा सुरक्षा बल की भौंडसी स्थित 95वीं वाहिनी की तरफ से ताऊ देवीलाल पार्क में भी कमांडेंट नितिन गुप्ता की अगुवाई में रन फार यूनिटी का आयोजन हुआ, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### ओबीसी के पक्ष में राहुल गांधी के आने से घबराई भाजपा

**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता राकेश शर्मा साचौलिया का कहना है कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी द्वारा ओबीसी वर्ग के अधिकारों के लिए उठाई गई बुलंद आवाज के बाद देश व प्रदेश में भाजपा सरकार बुरी तरह डरी हुई है। चुनाव नजदीक आते देख अब भाजपा ओबीसी वर्ग के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है लेकिन देश व प्रदेश की जनता अब इनके दोगले रूप को अच्छी तरह से पहचान चुकी है और अब इनके बहकावे में नही आने वाली है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता राकेश शर्मा साचौलिया ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ही सही मायनों में ओबीसी वर्ग की हितैषी है और जनता समझ चुकी है कि देश में राहुल गांधी ही ओबीसी वर्ग को उचित सम्मान दे सकते है। हरियाणा में

---

**सजना है साजन के लिए :** महिलाओं ने लगवाई साजन के नाम की मेहंदी

# मेहंदी से सजे सुहागिनों के हाथ

### सोहना में करवाचौथ की पूर्व संध्या पर बाजार में भरा मेला-भीड़भाड़ में वाहन आवाजाही से महिलाएं परेशान

उमेश गुप्ता , भरोसा मित्र





सोहना। करवाचौथ की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बाजारों में जबरदस्त रौनक और चहल-पहल देखने को मिल रही है। करवाचौथ की पूर्व संध्या पर बाजार में मेहंदी रचाने वालों की मौज रही। चौहान कास्मेटिक्स केन्द्र के संचालक देविन्द्र कुमार, पूर्व नगरपार्षद मदन सिंह चौहान ने बताया कि करवाचौथ पर हाथों में मेहंदी लगवाने के लिए उनके पास महिलाओं ने एक हफ्ते पहले ही अपनी बुकिंग करा दी थी। उनकी दुकान पर 4 युवती और 4 युवक महिलाओं के हाथों पर मेहंदी रचाने का काम कर रहे है। सुबह से अब तक उन्हे भोजन करने की फुर्सत नही मिली है। गांव रायसीना से बाजार में मेहंदी रचवाने आई मोनिका यादव धर्मपत्नी राहुल यादव और रेखा यादव पत्नी इंजीनियर मोनी यादव, निर्मला देवी पत्नी प्रेमपाल ने बताया कि वह अपने पति से बहुत प्यार करती है। उनकी दीर्घायु के लिए उन्होने इस बार 15 दिन पहले ही दुकानदार के पास अपने हाथों में मेहंदी रचाए जाने के लिए एडवांस बुकिंग करा दी थी। फिर भी उनका 3 घंटे देरी से नंबर आया है। देखने में आ रहा है कि बाजार में करवाचौथ की पूर्व संध्या पर तरह-तरह के सजे हुए रंग-बिरंगे करवों और मेकअप श्रंगार, रेडीमेड कपड़े, पूजा के सामान की बिक्री और जेवरात वाली दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ है। बालकिशन गोयल, मुकेश सिंगला, हरिओम सिंगला, देशराज गोयल, विनोद सिंगला, दीपक सिंगला आदि दुकानदारों ने बताया कि करवाचौथ की पूजा में 2 करवे पूजा में रखे जाते है, जिसमें एक मीठा करवा होता है तो दूसरा मिटटी से बना होता है। बाजार में दोनों करवों की जबरदस्त मांग है। डिजाईनदार करवों की मांग और दाम ज्यादा होने के बावजूद महिलाएं इन्ही करवों को खरीदने पर ज्यादा तवज्जो दे रही है। देखने में आ रहा है कि शहर सोहना के प्रमुख बाजारों के साथ-साथ गली-मोहल्लों में खुली दुकानों पर भी कहीं खील, बताशे, खिलौना तो कही आकर्षक कलेंडरों, अगरबत्ती, मोमबत्ती, धूपबत्ती, श्रंगार प्रसाधन सौन्दर्य सामग्री खरीदने वालों की भीड़ देखने को मिल रही है तो वही बम-पटाखे, फुलझड़ी आदि के अलावा चाट, गोलगप्पे, पकौड़ी बेचने वालों की दुकानों पर लगी लाइनों के चलते उनकी मौज सी बन आई है। इलेक्ट्रानिक सामानों, झिलमिल करती रंग-बिरंगी लडि ों तो कही दीयों और अन्य सामानों की बिक्री भी जमकर चल रही है। सोहना के बाजारों में विभिन्न दुकानों पर ग्राहकों की जमकर खरीददारी देखते ही बनती है। सडे के दोनों तरफ सामानों के लगे होने और बाजारों में उमड़ रही जबरदस्त भीड़भाड़ के बावजूद कारों व बड़े वाहनों के आवागमन से जहां-तहां कई-कई घंटों लंबा जाम लगना भी समस्या बनने लगा है। जाम से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन के कोई प्रभावी कदम ना उठाने से आम जनमानस खासा परेशान है। देखने में आ रहा है कि दीवाली, विश्वकर्मा, भैयादौज, गोवर्धन आदि त्यौहारों के नजदीक होने के चलते बाजारों में जगह-जगह मेला सा भरा हुआ है लेकिन कहीं भी लोगों की सुरक्षा के इंतजाम नहीं नजर आ रहे है। भीड़भाड़ का फायदा जेबकतरें, झपटमार और मनचले जमकर उठा रहे है। युवतियों व महिलाओं के साथ छेडे ानी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। मनचले प्रवृति वाले कई युवक अपना टौर दिखाने और हवाबाजी के चलते बाजार में बार-बार पटाखे व गोली चलने जैसी तेज आवाज वाली तथा बिना नंबर तो कोई बिना साइलेंसर और तेज प्रेशर हार्न बजाते हुए मोटरसाइकिलों को युवक जान-बूझकर भीड़ भरे बाजार में घुसाकर दहशत का सा माहौल बना रहे है। महिलाएं छेडे ानी होने पर लोक लाज के भय से चुप लगा जाती है और दुकानदार त्यौहार के ऊपर ऐसे तत्वों से झगड़ा मोल लेने की बजाय सब कुछ जानते-देखते हुए भी आंखें फेर लेते है। यही कारण है कि यहां के बाजारों, गलियों और प्रमुख चौराहों पर चार-चार से लेकर बीस-बीस युवकों का झुंड लड़कियों की छुट्टी के वक्त खड़ा होकर आती-जाती लड़कियों पर फब्तियां कसते हुए छेड़खानी से बाज नहीं आता।

#### सोलह श्रंगार कर करेगी पिया का दीदार

अपने चांद के दीदार के लिए महिलाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। करवाचौथ सुहाग का पर्व बुधवार, एक नवंबर को मनाया जाएगा। बाजारों में खरीददारी शुरू हो गई है। चारों तरफ त्योहार की धूम दिखाई दे रही है। ग्राहकों को लुभाने के लिए कई दुकानों पर बंपर छूट तो कहीं पर स्पेशल ऑफर लगे हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि करवाचौथ के लिए स्पेशल और नए-नए डिजाइन वाली साड़ी और सूट की भरमार है।

### नरेन्द्र मोदी में सरदार पटेल को देख रहे लोग : रामगढ़

**सोहना।** यहां पर गांव बादशाहपुर के सेक्टर सड़सठ में अंसल एसेंसिया आरडब्लयूए के पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़ का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आन-बान-शान के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर उनके विशाल व्यक्तित्व जितनी विशालकाय 182 मीटर ऊंची प्रतिमा स्टेचू ऑफ यूनिटी बनवाकर उसे गुजरात के नर्मदा स्थित केवडि ा गांव में सरदार सरोवर बांध पर स्थापित करने के बाद प्रतिमा का लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित करके देश को एक नई दिशा देने का काम किया है। यह प्रतिमा विश्व की सबसे ऊंची पहली प्रतिमा है। साथ ही वहां पर सरदार पटेल के जीवन पर संग्रहालय, प्रदर्शनी सभागृह, थ्री-डी चित्रों का मानचित्रण, हस्तशिल्प बाजार, फूलों की घाटी, जनजाति संग्रहालय और विभिन्न राज्यों के अतिथि गृह बनाकर उनके विशाल जीवन से विश्व को परिचित कराने का प्रयास किया है। पर्यटक 153 मीटर की ऊंचाई से प्राकृतिक सौंदर्य का भी भरपूर लुत्फ उठा रहे है। गांव बादशाहपुर के सेक्टर सड़सठ में अंसल एसेंसिया आरडब्लयूए के पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़ मंगलवार को यहां पर लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होने देश के निर्माण में वल्लभ भाई पटेल के दिए गए योगदान से उपस्थितों को अवगत कराया । उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज से ताल्लुक रखने वाले सरदार वल्लभ पटेल के विचारों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वह जल्द ही गांव-गांव का दौरा करेंगे ।

## एसवाईएल का पानी हरियाणा को दे पंजाब : लोहटकी

### कांग्रेस व भाजपा की सरकारों ने वोटों की राजनीति के चक्कर में एसवाईएल के नाम पर सिर्फ अपना स्वार्थ साधने का काम किया है

उमेश गुप्ता , भरोसा मित्र

सोहना। इनेलो के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और जिलाध्यक्ष रोहताश खटाना लोहटकी का कहना है कि इनेलो की हरियाणा में सरकार बनने पर केंद्र व पंजाब सरकार पर दबाव बनाकर एसवाईएल का पानी लाएंगे। प्रदेश का पानी रोका तो पंजाब के रास्ते बंद कर देंगे, कोई रास्ता रोकेगा तो दिल्ली का पानी भी बंद कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस व भाजपा की सरकारों ने वोटों की राजनीति के चक्कर में एसवाईएल के नाम पर सिर्फ अपना स्वार्थ साधने का काम किया है। इनेलो के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और जिलाध्यक्ष रोहताश खटाना लोहटकी ने कहा कि परिवर्तन यात्रा व देवीलाल जयंती पर जनता के समर्थन से इनेलो की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। अब हरियाणा में इनेलो विधानसभा की 90 की 90 सीटों के साथ-साथ प्रदेश में लोकसभा की सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होने दावा जताया कि इनेलो का लगातार जनाधार बढ़ रहा है। इनेलो के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और जिलाध्यक्ष रोहताश खटाना लोहटकी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सिर्फ दिखावे की घोषणा करते हैं। जिला परिषद व निकायों के चेयरमैन की सेलरी बढ़ाने में भेदभाव किया। जिला परिषद के साथ-साथ गांवों के पंचायतों को भी पूरा मान-सम्मान मिलना चाहिए। वही जजपा पर कटाक्ष करते हुए उन्होने कहा कि इनका हरियाणा में वजूद खत्म हुआ तो अब नई जगह तलाशने के लिए राजस्थान की ओर भागे है लेकिन राजस्थान चुनावों में भी जजपा बुरी तरह मुंह की खाएगी। बातचीत के दौरान पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, राजकपूर एडवोकेट, नंबरदार धर्मपाल सैनी, सुंदर सिंह राजपूत, चौधरी चरण सिंह डागर अलीपुरिया, युवा समाजसेवी भूपेन्द्रप्रताप खटाना लोहटकी, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह, नंबरदार धर्मबीर खटाना आदि प्रमुखजनों समेत पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के हलकास्तरीय पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं राम भरोसे : रामगौतम

### 23 दिनों से स्वास्थ्य मंत्रालय की फाईलें अटकी हुई है

उमेश गुप्ता , भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर आम आदमी पार्टी के जिलासचिव और आशियाना अनमोल आरडब्लयूए सोसायटी के प्रधान रामगौतम ने स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को घेरा है। उन्होने कहा कि 23 दिनों से स्वास्थ्य मंत्रालय की फाईलें अटकी हुई है। स्वास्थ्यमंत्री अनिल विज और सीएमओ कार्यालय की लड़ाई के चलते राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं गड़बड़ा रही हैं। धरातल पर आज हालत ये है कि राज्य में डेंगू भयावह स्थिति में है। जनता को सरकारी अस्पताल में पूरा इलाज व पर्याप्त दवाएं नही मिल रही और एक-एक बिस्तर पर तीन-तीन मरीज है। सीएमओ कार्यालय और स्वास्थ्य मंत्रालय की लड़ाई में जनता पिस रही है। आम आदमी पार्टी के जिलासचिव और आशियाना अनमोल आरडब्लयूए सोसायटी के प्रधान रामगौतम की माने तो राज्य का एक्यूआई बुरी स्थिति में है। सबसे प्रदूषित राज्यों में हरियाणा है। वायु प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में मुश्किलें हो रही है। इसकी ओर सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय का कोई ध्यान नही है और ना ही अब तक कोई कदम उठाया गया है। एक गांव में कूड़े के ढेर ने पूरे गांव के पानी को जहरीला कर दिया है। लोग वहां मर रहे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की उसकी तरफ ध्यान देने में कोई रूचि नही है। उन्होने खुलासा किया कि पहले भी मुख्यमंत्री और गृहमंत्री की आपस की लड़ाई किसी से छिपी नही रही। पहले भी सीआईडी विभाग किसको रिपोर्ट करेगा को लेकर दोनों की आपस में खीचतान रही है। यह आपसी लड़ाई अब इस कदर बढ़ चुकी है कि स्वास्थ्यमंत्री को बिना बताए सीएमओ के अधिकारी स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेने लग गए है।

## खाडा पुल पर बनाया जाए अंडरपास : धर्मेन्द्र

### लोगों को जेल मोड़ से करीब एक किलोमीटर दूर मारूतिकुंज यू-टर्न पर जाना पड़ता है

उमेश गुप्ता , भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर गांव बादशाहपुर के सेक्टर सड़सठ में अंसल एसेंसिया आरडब्लयूए के पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़ का कहना है कि सोहना एलिवेटेड हाईवे पर गांव बादशाहपुर से गांव भौंड़सी के बीच में कोई भी फुट ओवरब्रिज या पैदल पार मार्ग नही है। जिस कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने गांव भौंड़सी में जेल मोड के पास बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए गए खाड़ा के पुल को पैदल यात्रियों के लिए अंडरपास के रूप में तैयार करने की मांग की है। उन्होने बताया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए उन्होने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को पत्र लिखा है। यहां पर गांव बादशाहपुर के सेक्टर सड़सठ में अंसल एसेंसिया आरडब्लयूए के पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़ की माने तो एनएचएआई ने गांव बादशाहपुर से सोहना की तरफ मॉल के पास एलिवेटेड हाईवे के वाहनों को मुड़ने के लिए एक कट दिया है। उसके बाद मारूतिकुंज मोड़ पर ही यू-टर्न है। इसके बीच में रेयान एन्क्लेव, डिफेंस एन्क्लेव, गोवर्धन कुंज, श्रीराम एन्क्लेव कॉलोनी के अलावा आरटीसी भौंड़सी, इंडियन रिजर्व बटालियन मुख्यालय, भौंड़सी मार्डन जेल तथा हरियाणा पुलिस के गांव भौंड़सी स्थित स्पेशल टास्क फोर्स के मुख्यालय के अलावा कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है लेकिन पैदल पार करने के लिए लोगों को जेल मोड़ से करीब एक किलोमीटर दूर मारूतिकुंज यू-टर्न पर जाना पड़ता है। इतनी लंबी दूरी तय करने से बचने के लिए लोग एलिवेटेड हाईवे के बीच में लगी ग्रिल को ही कूदकर हाईवे पार करते हैं।

## इंदिरा गांधी की शहादत हमेशा याद रहेगी : भारद्वाज

### इन्दिरा गांधी ने देश को मजबूत व दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान किय

उमेश गुप्ता , भरोसा मित्र



सोहना। सोहना खंड के गांव भौंड़सी में मंगलवार को कांग्रेस नेता निशांत राघव के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व पीसीसी मैंबर पंकज भारद्वाज ने दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल को शत-शत नमन करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गांधी ने देश को मजबूत व दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान किया, जिसका लोहा पूरी दुनिया ने माना। उन्ही की नीति की वजह से हिन्दुस्तान को भारत-पाक युद्ध में बड़ी जीत मिली और दक्षिण एशिया में व्याप्त अशांति का दौर समाप्त हुआ। उन्होने श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा देश के नवनिर्माण में दिये गये योगदान का स्मरण करवाया और कहा कि श्रीमती गांधी ने उस समय देश में पहली हरित क्रांति की नींव रखी, जब भारत में खाद्यान्नों का संकट था और उपयोगी वस्तुओं के अलावा गेहूं व चावल भी आयात करने पड़ते थे। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व पीसीसी मैंबर पंकज भारद्वाज ने कहा कि श्रीमती गांधी की दूरदर्शी सोच के कारण ही आज भारत खाद्यान्नों के मामले में स्वावलम्बी होने के साथ निर्यात करने में भी सक्षम हो गया है। उन्होने श्रीमती गांधी को हरियाणा की संस्थापक बताते हुए कहा कि वर्ष-1966 में जब राज्यों का पुनर्गठन किया जा रहा था, तब श्रीमती गांधी ने ही हरियाणा का निर्माण एक अलग राज्य के रूप में करवाया था। यह सम्भवत~ श्रीमती इन्दिरा गांधी का ही आशीर्वाद रहा जोकि आज पंजाब और हरियाणा ने लगभग सभी क्षेत्रों में अन्य कई प्रदेशों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति में भी हरियाणा का अहम योगदान रहा है। इसके अलावा विश्व के मानचित्र पर भारत की एक मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान भी उन्हीं की देन है। उन्होंने कहा कि देश में आतंकवाद का खात्मा करने के लिए इंदिरा जी ने अपने प्राणों का बलिदान भी कर दिया था। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसी महान विभूति को हम शत-शत नमन करते है और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर ही देश तरक्की कर सकता है। देशवासी जो आज आजादी का सुख भोग रहे है, वह वल्लभ भाई पटेल जी की ही देन है।

## नवंबर माह से राशन डिपो पर गेहूं के साथ मिलेगा बाजरा : उमेद सिंह

### एएवाई राशनकार्ड पर प्रति राशनकार्ड 20 किलो बाजरा और 15 किलो गेहूं

उमेश गुप्ता , भरोसा मित्र

सोहना। सोहना जोन के खाद्य पूर्ति सर्कल प्रभारी व निरीक्षक उमेद सिंह तथा निरीक्षक रण सिंह के अनुसार सोहना क्षेत्र के सभी राशन डिपुओं पर चालू नवंबर महीना से गेहूं के साथ-साथ बाजरा उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार ने सर्दियों को देखते हुए सरकारी गल्ले के माध्यम से राशन डिपुओं पर गेहूं के साथ बाजरा मुहैया कराने का निर्णय लिया है। बाजरा दिए जाने की एवज में गेहूं की रेशों में कटौती की जाएगी। उन्होने बताया कि एएवाई राशनकार्ड पर प्रति राशनकार्ड 20 किलो बाजरा और 15 किलो गेहूं तथा पीले राशनकार्ड पर 3 किलो बाजरा और 2 किलो गेहूं प्रति यूनिट के हिसाब से पीले और एएवाई राशनकार्डधारकों को मिलेगा। यदि किसी राशन डिपो पर नवंबर महीने का बाजरा व गेहूं लेने में किसी भी एएवाई अथवा पीले राशनकार्डधारक को किसी तरह की कोई परेशानी आई तो वह संबंधित क्षेत्र के खाद्य एवं पूर्ति निरीक्षक अथवा उन्हे सीधे मिलकर शिकायत दे सकता है। उन्होने बताया कि सरकार ने सर्दियों को देखते हुए एएवाई और बीपीएल राशनकार्डधारकों को सरकारी गल्ले की दुकानों के माध्यम से बाजरा उपलब्ध कराने का फैसला लिया है ताकि सर्दियों में लोग सर्दी से बचाव के लिए कभी बाजरे की खिचड़ी तो कभी बाजरे का दलिया तो कभी बाजरे की रोटी बनाकर सेवन कर सके। उन्होने बताया कि सभी सरकारी गल्ले की दुकानों पर गेहूं के साथ बाजरा भी उपलब्ध कराने के लिए खाद्य पूर्ति विभाग की तरफ से कान्फेड ठेकेदार को निर्देश दिए गए है। खाद्य एवं पूर्ति विभाग के सोहना सर्कल प्रभारी इंस्पेक्टर उमेद सिंह का कहना है कि बीपीएल राशनकार्डों पर प्रति व्यक्ति 3 किलो बाजरा और 2 किलो गेहूं उपभोक्ताओं को मुहैया कराया जाएगा ।

### चुनावों को नजदीक देख भागदौड़ कर रहे वजीर : घोडारोप

**सोहना।** कांग्रेस पार्टी में पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने चुनावों को नजदीक देख भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के चलाए गए जनसंवाद कार्यक्रम और वजीरों की भागदौड़ पर चुटकी लेते हुए कहा कि 4 साल तक वजीर लोगों को झूठे लारे-लप्पे देने में लगे रहे और अब प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की तेजी से बढ़ रही लोकप्रियता और जनाधार को भांपकर सरकार के वजीर जनसंवाद और जनसमस्याएं सुनने के नाम पर भागदौड़ कर रहे है लेकिन जनता इनकी असलियत पहचान गई है और आने वाले चुनावों में मौकापरस्ती वाले ऐसे नेताओं को घर बैठाने व कांग्रेस सरकार बनाने का काम करेगी। कांग्रेस पार्टी में पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने यह भी दावा जताया कि कांग्रेस सरकार बनने पर ही खटानपुरी की क्षतिग्रस्त सडे ों का पुनर्निर्माण होगा। सोहना क्षेत्र से हो रहे सौतेले व्यवहार पर रोक लगेगी और कांग्रेस राज में ही सोहना नगरपरिषद क्षेत्र सीमा में सरकारी महिला कॉलेज, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, सरकारी लॉ कॉलेज जैसी सुविधाएं क्षेत्र के लोगों को मिलने पर छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए दूर-दराज स्थानों पर नही जाना पड़ेगा।

**तैयारी** आगामी पांच नवंबर को है यह त्योहार हर्षोल्लास से मनाने को जुटी महिलाएं

## सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लें युवा : सुरज्ञान सिंह

### मौजूदजनों ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया

उमेश गुप्ता , भरोसा मित्र



सोहना। ब्लॉक के आदर्श गांव नयागांव में मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर कई तरह के कार्यक्रम किए गए। उपस्थितों को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के बारे में तथा उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा उनके विचारों के बारे में अवगत कराया गया और मौजूदजनों ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए नयागांव ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच सुरज्ञान सिंह ने कहा कि यह दिन हमें देश के महान लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की उपलब्धियों से परिचित कराता है। उन्होने सरदार पटेल की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर सिलसिलेवार प्रकाश डालते हुए बताया कि पाकिस्तान-भारत के बीच बंटवारे के बाद सरदार पटेल ने किस प्रकार 554 रियासतों को भारत में विलय कराने में अहम भूमिका निभाई थी और इन रियासतों में बंटे देश को एकता के सूत्र में बांधने में कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया था। देश का राजनीतिक व भौगोलिक एकीकरण सरदार पटेल की असाधारण उपलब्धि थी, जिसे देश के लोग आज भी याद करते है। हमें उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता को और मजबूत बनाना चाहिए। इस मौके पर भाजपा भौंड़सी मंडल के अध्यक्ष रामकिशन राघव, सोहना ब्लाकसमिति उपचेयरमैन रहे राजेश राघव , शीशपाल रोहिल्ला आदि समेत विभिन्न वक्ताओं ने लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को शत-शत नमन करते हुए कहा कि यह दिन हमें एकता, अखंडता, सत्यनिष्ठा, सुरक्षा एवं रक्षा को तत्पर रहने की प्रेरणा देता है।

#### रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन

सोहना-हरचंदपुर रोड पर गांव खरौदा स्थित एशियन पब्लिक स्कूल प्रांगण में मंगलवार को भारत के पहले गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में रन फार यूनिटी व शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन सचिन लोहिया ने उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल महान राष्ट्वादी व ऐसे देशभक्त थे, जिन्होंने अपनी दृढ़इच्छा शक्ति से नए स्वाधीन भारत की नींव रखी। ऐसे महान देशभक्तों के त्याग व बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्वाधीनता के सभी आंदोलनों में अग्रिम पंक्ति के सेनानी बनकर भारत के भाग्य निर्णायक सिद्ध हुए। ऐसे महान देशभक्तों के जीवन मूल्यों व शिक्षाओं को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन सचिन लोहिया ने सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए यह प्रण लेने का आहवान किया कि वह शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रचनात्मक व सामाजिक कार्यो के साथ-साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए हम सभी समर्पित भाव से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम देश की एकता की भावना को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर गंभीरता से प्रयास करेंगे। सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता व कामों द्वारा एकता की मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे।

### स्कूल में पटेल जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**सोहना ।** यहां पर डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में भारत के पहले गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल महान राष्ट्वादी व ऐसे देशभक्त थे, जिन्होंने अपनी दृढ़इच्छा शक्ति से नए स्वाधीन भारत की नींव रखी। ऐसे महान देशभक्तों के त्याग व बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्वाधीनता के सभी आंदोलनों में अग्रिम पंक्ति के सेनानी बनकर भारत के भाग्य निर्णायक सिद्ध हुए। ऐसे महान देशभक्तों के जीवन मूल्यों व शिक्षाओं को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम देश की एकता की भावना को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर गंभीरता से प्रयास करेंगे। सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता व कामों द्वारा एकता की मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे।

दैनिक
भरोसा मित्र

गुरुग्राम, बुधवार
1 नवंबर 2023

www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे
सरदार पटेल की दूरदर्शिता के चलते राष्ट्र की एकता व अखंडता कायम ...



# गुरुग्राम



अंदर देखे
जीवन में बुलंदियों को छूने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी ....



dainikbharoosa

## खबर फटाफट

### श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 16 को



**गुरुग्राम।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में आगामी 16 नवम्बर को भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। सेक्टर-29 स्थित हुडा जिमखाना क्लब में होने वाले इस धार्मिक आयोजन में कई नामी हस्तियों अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी, वहीं नामी कलाकार कन्हैया मित्तल, रितु पांचाल, भावना स्वरांजलि, राज भैया व बलराम वशिष्ठ श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के संयोजक एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ग्लैक्सी टैंट इवेंट्स एंड फार्म हाउस इस महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। श्री शनिधाम पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर परमहंस दाती महाराज व परम पूजनीय ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 श्री प्रकाश पुरी जी महाराज के परम शिष्य श्री श्री 1008 संत रवि पुरी महाराज के आशीर्वाद व सानिध्य में यह धार्मिक आयोजन होगा। इस अवसर पर भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। रंग-बिरंगे फूलों से बाबा के दरबार का श्रृंगार किया जाएगा। अमित गोयल ने बताया कि महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार जी, भाजपा की राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव जी, केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे जी शिरकत करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह अति विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुधीर सिंगला करेंगे।

### अपना लाईफ सर्टिफिकेट जमा करवाएं पेंशनर : नैंसी यादव

**गुरुग्राम।** हरियाणा खजाना कार्यालय से पेंशन ले रहे जिला के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं अधिकारी 25 नवंबर तक जीवन प्रमाण पत्र अपने क्षेत्र के ट्रेजरी ऑफिस में जमा करवा दें। इस लाईफ सर्टिफिकेट को अब जीवन प्रमाण पोर्टल के जरिए ऑनलाईन जमा करवाया जा सकता है। गुरूग्राम की जिला खजाना अधिकारी नैंसी यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के पेंशनधारक हर साल नवंबर माह के दौरान अपना लाईफ सर्टिफिकेट ट्रेजरी कार्यालय में जमा करवाते हैं। इस बार सरकार की ओर से यह सुविधा दी गई है कि सर्विस से सीधे रिटायर हुए पेंशनर अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाईन भी दे सकते हैं। इसके लिए उनको सीएससी सैंटर पर जाकर जीवन प्रमाण पोर्टल पर बायोमीट्रिक हाजिरी लगावानी होगी, जिसमें उनके चेहरे की पहचान या हाथों के निशान लगवाए जाएंगे। जो पेंशनधारक खजाना कार्यालय में जीवन प्रमाण पत्र देना चाहते हैं, वे पीपीओ, आधार कार्ड व इसमें रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का फोन साथ लेकर आएं। नैंसी यादव ने कहा कि फैमिली पेंशनर अर्थात जो महिलाएं पति के स्थान पर पेंशन ले रही हैं, उनको खजाना कार्यालय में आना होगा। इन्हें पुनर्विवाह नहीं करवाने और किसी रोजगार से ना जुड़े होने का प्रमाण पत्र देना है, जिस पर किसी राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर होने चाहिए। उन्होंने कहा है कि पटौदी, सोहना और मानेसर के पेंशनधारक भी अपने लाईफ सर्टिफिकेट को सब ट्रेजरी में समय पर जमा करवाएं, जिससे कि उनको निर्बाध गति से पेंशन का लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि साल में एक बार हर पेंशनर के लिए लाईफ सर्टिफिकेट दिया जाना अत्यंत आवश्यक है

### एचआर 26 एफएफ नई सीरिज 2 नवम्बर से होगी शुरु

**गुरुग्राम।** गुरूग्राम के एसडीएम एवं वाहन पंजीकरण के लिए अधिकृत रजिस्ट्रिंग अथॉरिटी रविन्द्र यादव ने बताया कि सरकार की हिदायत अनुसार 2 नवंबर से एचआर 26 एफएफ नई सीरिज शुरू हो रही है। उन्होंने बताया कि इस नई सीरिज में अपने वाहनों का पंजीकरण करवाने के इच्छुक व्यक्ति 02 नवंबर वीरवार से आवेदन कर सकते हैं। किसी व्यक्ति संस्था को अपनी पसंद का नंबर लेना है तो वह स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अपनी फाईले जमा करवा सकते हैं।

### 8 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त



**गुरुग्राम।** पुलिस में अपनी सेवाएं देने वाले 8 पुलिसकर्मी मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। इस मौके पर एसीपी क्राईम द्वारा सेवानिवृत हुए पुलिसकर्मियों को विदाई देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस विभाग में कार्यरत इंस्पेक्टर चन्द्र बल्लभ, भीम सिंह, ईएसआई महाबीर सिंह, ईएएसआई मोहन सिंह, देवेन्द्र सिंह, कृष्णकांत, सिपाही लक्ष्मी नारायण व राजवीर की सेवानिवृति हो गए। अपनी ड्यूटी के दौरान ईमानदारी से कार्य करने पर उनके कार्यो की सराहना की गई। सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न अच्छे कार्य के लिए समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया गया था।

### साईबर अपराधों के प्रकार व बचाव के बारे में जनकरी देकर किया जागरूक

**गुरुग्राम।** महिला व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों व साईबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सैक्टर 14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति के सहयोग से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त सुरिंदर कौर की देखरेख में महिला थाना पश्चिम शामिल हुई। सहायक पुलिस आयुक्त सुरिंदर कौर ने महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंनें छात्राओ को महिला सुरक्षा के लिए डायल-112, दुर्गा शक्ति वाहिनी तथा महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साईबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंनें इस कार्यक्रम को माध्यम बनानकर बताया कि महिलाएँ किसी भी समय असुरक्षित स्तिथि महसूस करें तो तुरन्त डायल-112 पर संपर्क करें। पुलिस आपकी सहायता करने के लिए 10 मिनट में आपके पास पहुंच जाएगी।

# कूड़े का निष्पादन न करने पर होगी कार्रवाई

## गीले व सूखे कूड़े को अलग करके डालना हमारी नैतिक जिम्मेदारी

**नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में भी इसी प्रकार से गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करके डालेंगे तो उसका निष्पादन बेहतर ढंग से हो पायेगा**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। मानेसर नगर निगम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने सेक्टर-92 स्थित सारे होम्स सोसाइटी द्वारा किए जा रहे कूड़े निष्पादन के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने पाया कि सोसाइटी में नियमों के अनुसार कूड़े का निष्पादन सही प्रकार से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानेसर नगर निगम क्षेत्र में आनी वाली जो सोसाइटियां नियमानुसार कूड़े का निष्पादन नहीं करेंगी, उनपर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आयुक्त मंगलवार को सोसाइटी की आरडब्ल्यूए के निमंत्रण पर उनकी सोसाइटी की विजिट करने पहुंचे थे। आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि मानेसर नगर निगम क्षेत्र में सैंकडों सोसाइटी आती है। इन सोसाइटी की आरडब्ल्यूए को सारे होम्स सोसाइटी की आरडब्ल्यूए से सीख लेनी चाहिए। यह आरडब्ल्यूए कूडे निष्पादन की दृष्टि से बेहतर काम कर रही है। यदि आरडब्ल्यूए अपने रेजिडेंट्स को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए तो कूड़े की समस्यां से काफी हद तक निजात पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि कूड़ा तो हम सब पैदा करते हैं, लेकिन उसके निष्पादन के लिए कोई भी नहीं सोचता। लोगों में ऐसी धारणा बनी हुई है कि कूड़ेके उठान की जिम्मेदारी केवल नगर निगम की है। नगर निगम अपने काम के प्रति सचेत है, परंतु इस काम को लोगों की सहभागिता के बिना पूरा नहीं किया जा सकता। हमारे द्वारा पैदा किए गए कूडे में 50 प्रतिशत कूडा किचन वेस्ट होता है। यदि हम अपने घर पर ही किचन वेस्ट(गीले कूडे)को अलग यानि हरे कूडेदान में डालें और अन्य सूखे कूडे को नीले कूडेदान में डालेंगे तो शुरुआती स्तर पर ही हम कूडे के निष्पादन का आधा काम कर चुके होंगे। नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में भी इसी प्रकार से गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करके डालेंगे तो उसका निष्पादन बेहतर ढंग से हो पायेगा। इस दौरान सारे होम्स आरडब्ल्यूए के प्रधान प्रवीण मलिक ने बताया कि सोसाइटी की ओर से कूडे के निष्पादन के लिए बेहतर काम किया जा रहा है। सारे होम्स सोसाइटी अन्य सोसाइटियों के लिए आदर्श मॉडल है। हॉर्टिकल्चर वेस्ट का पूर्णतः आयुर्वेदिक तरीके से निपटान किया जाता है। गंदे पानी को भी ट्रीट करके उसका उपयोग किया जाता है। सोसाइटी के रेजिडेंट्स कूडे के पृथककरण के लिए बहुत जागरूक है।

# गुरुग्राम विवि और स्टेज के बीच हुआ एमओयू साईन



एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। जीयू के मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों के लिए इंटर्नशिप के साथ रोजगार के अवसर को बढावा देने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय और कैचअप टेक्नोलॉजीज प्रा. लिमिटेड स्टेज के बीच एमओयू साइन किया गया। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जीयू की और से कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं कैचअप टेक्नोलॉजीज प्रा. लिमिटेड- स्टेज के को-फाउंडर और सीईओ विनय सिंघल ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य गुरुग्राम विश्वविद्यालय में स्टेज और मीडिया अध्ययन विभाग के बीच एक सहयोगात्मक व्यवस्था स्थापित करना है। इस एमओयू के तहत स्टेज, गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों को इंटर्नशिप के साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी साथ ही गुरुग्राम विश्वविद्यालय के छात्रों को स्टेज की ओरिजिनल फिल्मों और शो में काम करने का अवसर भी प्रदान किया जायेगा। दोनों संस्थान पारस्परिक सहयोग से अपने यहाँ समय-समय पर कार्यशाला, स्क्रीनिंग, प्रेस कांफ्रेंस और मास्टर क्लास का आयोजन करेंगे।

# इंदिरा गांधी ने पूरे विश्व में मनवाया था अपनी ताकत का लोहा : पंकज डावर

**कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र




गुरुग्राम। कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय में गुरुग्राम के कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई। इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर, कुलराज कटारिया,सूबे सिंह यादव,लाल सिंह यादव,जय सिंह हुड्डा, नरेश वशिष्ठ, धर्मेंद्र मिश्रा,सुनील प्रकाश वर्मा,मनोज आहूजा, भारत मदान,मनीष गौड़, ओमप्रकाश पांचाल, हरकेश प्रधान, कुलदीप मोल्लाहेड़ा, रमन वर्मा, मुकेश सिंगला, ओम प्रकाश कहरेरा, जितेंद्र बेरवाल, वजीर सिंगला, रविराज उजिनीवाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान पूरे विश्व में अपनी ताकत का लोहा मनवाया था। उनके समय में जब भारत और पाकिस्तान का युद्ध हुआ था तो पूरी पाकिस्तानी सेना ने हमारी सेना के आगे हथियार डाल दिए थे। उस दौरान इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हमारे देश के जांबाज जवानों ने पूरे पाकिस्तानी सेना के जवानों को हिरासत में लिया था। हमारा पड़ोसी राज्य पाकिस्तान आज भी हमारे देश के खिलाफ तरह-तरह की हिमाकत करता रहता है, लेकिन पाकिस्तानी सेना में आज भी जब इंदिरा गांधी के दौर को याद किया जाता है तो उनके जवानों की रूह कांप उठती है। कांग्रेस नेता कुलराज कटारिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने सिर्फ भारत को ही नहीं पूरे विश्व को एक नई ऊर्जा देने का काम किया था इसलिए उन्हें आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता था।

# आज चांद में होगा पिया का दीदार

## सुहागिन महिलाएं व्रत रखकर मनाएंगी करवाचौथ का पर्व

**बाजारों में साज-सज्जा की सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ शहर के मुख्य सदर बाजार व शहर के विभिन्न मॉल्स, ब्यूटी पार्लर में दिखाई दे रही है**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। प्रेम और विश्वास का प्रतीक करवाचौथ का पर्व आज सुहागिनें अपने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर मनाएंगी। आज होने वाले इस त्यौहार को लेकर बाजार सजे हुए हैं। महिलाएं कपड़े आभूषण और पूजन सामग्री खरीदने में व्यस्त हैं। बाजारों में साज-सज्जा की सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ शहर के मुख्य सदर बाजार व शहर के विभिन्न मॉल्स, ब्यूटी पार्लर में दिखाई दे रही है। साड़ियों व ज्वैलर्स के यहां भी तांता लगा हुआ है। मिठाईयों की दुकानों पर मठ्ठी व फैनी की खूब बिक्री हो रही है। मेहंदी लगाने वाले के यहां भी महिलाएं बड़ी संख्या में दिखाई दी। उनके यहां भी बड़ी भीड़ है। महिलाएं प्रतीक्षा करती दिखाई दी। उधर साथ ही बहू बेटियों को उपहार देने के लिए बाजार से उपहार खरीदती दिखाई दी। हर कोई महिला साज सज्जा में कोई कमी न रह जाए, इसपर विशेष ध्यान दिए हुए है। इस पर्व में मेहंदी का खास महत्व होता है। मेहंदी लगाने वालों ने भी अपना शुल्क बढ़ा दिया है। कोई 300 से 500 रुपए ले रहा है तो कोई 500 से 700 रुपए। मेहंदी के विभिन्न डिजायन भी महिलाओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। 'सजना है मुझे सजना के लिए' गीत को चरितार्थ करते हुए महिलाएं जुटी हैं। बाजार में सोने-चांदी के गिफ्ट आइटमों की भरमार रही। एक से एक नए और आकर्षक डिजाइन में बने ये गिफ्ट आइटम लोगों को बरबस ही अपनी तरफ आकर्षित कर रहे है। जानकारों का कहना है कि चांदी के दाम इस बार काफी नीचे आने से लोगों में चांदी-सोना खरीदने के लिए उत्साह नजर आ रहा है। वैसे भी बाजार में इस बार इन गिफ्ट आइटमों का वजन काफी कम रखा गया है ।

# अमृत कलश वाटिका निर्माण में शहीदों के गांवों से लाई गई मिट्टी की समर्पित : यादव

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश वाटिका कार्यक्रम में मानेसर नगर निगम से 12 सिकंदरपुर बढ़ा, नखडोला, नवादा, मानेसर, ढाणा, रामपुरा अमर शहीद मां भारती के वीर सपूतों/जवानों के गांवों की मिट्टी को दिल्ली कर्तव्य पथ पर अमृत कलश वाटिका निर्मित करने के लिए समर्पित किया। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि देशभर से 9000 से अधिक शहीदों की मिट्टी गांव और शहरों से कर्तव्य पथ पर पंहुचाई गई है। अमर शहीदों का इतना बड़ा सम्मान केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में ही संभव है। ऐसे भव्य, दिव्य और राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होना सौभागय की बात है। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान और शहीदों के परिवारों की संभाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में बेहतर हुई है। पहले की सरकारों ने शहीदों को भुलाने का भी काम किया और उनके परिवारों के लिए कुछ नहीं किया। सुंदर लाल यादव ने कहा कि आज देश गर्व महसूस कर रहा है कि देश की सीमाओं पर रक्षा करने के दौरान शहीद होने वाले जवानों को इतना बड़ा सम्मान देश में दिया जा रहा है। शहीदों के परिवारजन भी इस बात से खुश और संतुष्ट हैं कि उनके पास किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता चलकर आए हैं। उनकी राजी-खुशी का पता लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरगामी सोच के साथ काम करते हैं। देश को दुनिया में अग्रणी देशों में लाकर उन्होंने भारत की ताकत दुनिया को दिखाई है। उनका देश को नेतृत्व लगातार मजबूत कर रहा है।

# समस्याओं का बहादुरी से करें सामना : मीणा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र




गुरुग्राम। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल व गुरुग्राम उपायुक्त निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय जिला युवा रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा ने अपने जीवन के पहलुओं से भी रूबरू कराया और युवाओं को प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि हम जीवन में अगर किसी अनजान व्यक्ति की मदद करते हैं तो वह भी सच्ची और सबसे बड़ी सेवा कहलाती है। समाज में कुछ देने की सोच के साथ हमें काम करना चाहिए। उन्होंने निजी जिंदगी के पहलुओं से भी युवाओं को रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि चाहे कोई छोटे पद पर हो या बड़े पद पर हो, समस्याएं सभी के जीवन में आती हैं। उन समस्याओं को बहादुरी से पार करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। हितेश कुमार मीणा ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है। संजीव धीमान ने कहा कि फर्स्ट एड के बारे में सभी को जानकारी होनी चाहिए। सचिव विकास कुमार ने कहा कि जनसेवा के लिए ही रेड क्रॉस का दुनिया में गठन हुआ है। चाहे कोई युद्ध हो या कोई प्राकृतिक आपदा, हर जगह रेडक्रॉस सेवाएं, सुविधाएं पहुंचाने में आगे रहता है। रेडक्रॉस टीम से श्यामा राजपूत, अतुल कुमार पराशर, आकांक्षा, कविता सरकार, रजनी कटारिया, सुषमा, सरोज, अजय एवं गुरुग्राम यूनिवर्सिटी से डॉ अशिंता समेत युवाओं आदि का सहयोग मिला।

**आयोजन** उत्तर प्रदेश के बनारसी साड़ी व हेंडमेड आर्टिफिशियल ज्वेलरी महिलाओं को कर रही आकर्षित

# सरस मेले में महिलाओं को भा रही बनारसी साड़ियां

**हेंडीक्राफ्ट व हेंडलूम के 40 , जबकि 4 फूड आयटम के प्रोडक्ट हैं**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। सरस आजीविका मेला 2023 में उत्तर प्रदेश के कुल 44 स्टॉल लगाए गए हैं। जिसमें हेंडीक्राफ्ट व हेंडलूम के 40 , जबकि 4 फूड आयटम के प्रोडक्ट हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले से आई हुई जय दुर्गे महिला स्वयं सहायता समूह की संगीता ने बताया कि हमारे स्टॉल नंबर 103 पर हमारे पास बनारसी साड़ी समेत कई प्रोडक्ट हैं जो कि करवाचौथ पर महिलाएं खरीदारी कर रही हैं। बनारसी साड़ी में उत्तम किस्म का सिफॉन का धागा इस्तेमाल किया गया है, साथ ही रेशम का धागा, कतान का धागा के बनारसी साड़ी समेत, सिल्क सूट, बनारसी दुपट्टे, व ड्रेस मेटेरियल है जो कि इस करवाचौथ पर महिलाओं की पहली पसंद है। उन्होंने बताया कि एक साड़ी को बनाने में पंद्रह से बीस दिन लगते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे स्टॉल पर तेरह सौ रुपये से लेकर पैंतीस हजार तक के सामान हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश जिले के ही गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी से आई हुई तुलसी एसएचजी ग्रुप की खुशी ने बताया कि हमारे स्टॉल नंबर 286 पर हेंडमेड आर्टिफिशियल ज्वेलरी के आइटम हैं, जिसमें कि कॉटन बॉल्स के नेकलेस, रेशम के धागों की चूड़ियां, फेब्रिक की चूड़ियां, फेब्रिक की इयर रिंग्स, कानों के झुमके, ब्रेसलेट, नोज पिन, रिंग्स, बच्चों के लिए नजरबट्टू, सीड बीड्स के नेकलेस, क्रिस्टल मोती के चोकर व नेकलेस, टॉप्स, आदि के सामान महिलाओं की पसंद बनी हुई हैं। यहां पर आप को 30 रुपये से लेकर 550 रुपये तक के सामान मौजूद हैं। वहीं, लखनऊ से आई हुई तस्कीन एसएचजी ग्रुप की तस्कीन ने बताया कि हमारे स्टॉल नंबर 97 पर साड़ी, सूट, अनारकली, नूरी सूट, दुपट्टे, प्लाजो, पैंट प्लाजो, सॉर्ट कुर्ती, लॉग कुर्ती, आदि आइटम उपलब्ध हैं जो कि बारह सौ से लेकर अस्सी हजार तक के सामान अपने स्टॉल पर रखी हुई हैं। साथ ही सरस मेले में नियमित रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। सांस्कृतिक संध्या में आसामी बीहू, पंजाबी भांगड़ा, कश्मीरी बुमरो व गुजराती डांडिया पर दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। सांस्कृतिक संध्या में नियमित रूप से पांच बजे से हरेक राज्यों के लोक नृत्य व संगीत की प्रस्तुति की जाती है। सांस्कृति कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए रुचि ने बताया कि शाम को जब मेला घूमने के बाद लोग थक जाते हैं तो फूड कोर्ट में खाने के बाद सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेने अपने परिवार के साथ आते हैं। ज्ञात हो कि राजधानी से सटे गुरुग्राम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) व हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 अक्टूबर से 11 नवंबर तक आयोजित होने वाला मेला भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शा रहा है। पहले दिन ही इस मेले का आकर्षण लोगों को अपनी तरफ खींच लाया।

# पुलिसकर्मियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ



एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए गुरुग्राम पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता व अखंड़ता की शपथ दिलाई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के फोटो पर पुष्प अर्पित करते हुए गुरुग्राम पुलिस में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई कि गई। उन्होंने गुरुग्राम पुलिस के कर्मचारियों व अधिकारियों को एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती है जिनकी दूरदर्शिता के कारण हमारा देश एकता के सूत्र में बंधा है। हर वर्ष आज का दिन पूरे भारतवर्ष में एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने भारत को एकजुट और स्वतंत्र राष्ट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गुरुग्राम पुलिस आयुक्त कार्यालय के अतिरिक्त गुरुग्राम की सभी अन्य यूनिटों, ट्रैफिक विंग आदि में भी यह प्रोग्राम आयोजित किया गया।

## खबर फटाफट

### पटेल की जंयती श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाई




**तावडू ।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित राजकीय संस्कृति मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को स्थानीय प्रशासन ने देश के प्रथम गृह मंत्री एवं देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जंयती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया तथा युवाओं को राष्ट्रीय एकता व देश निर्माण में सक्रीय भागीदारी करने की शपथ दिलाई गई।
एसडीएम संजीव कुमार ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने छोटे-छोटे टुकड़ों में स्थित रियासतों को इक्टठा कर देश को एकता के सूत्र में पिराने का महत्वपूर्ण कार्य किया। ऐसे महानायक सरदार वल्लभभाई पटेल को सदियों तक उनके कार्यों व देश सेवा में किए गए कार्यों के लिए याद किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व स्थानीय प्रशासन मौजूद रहा।

### दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**तावडू ।** उपमंडल के गांव धुलावट निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष के 4 लोगों पर दहेज उत्पीडन सहित विभिन्न आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीडित विवाहिता की शिकायत पर ससुराल पक्ष के 4 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीडन सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।
गांव धुलावट निवासी विवाहिता सैययद आसमीन ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी शादी गत 12 दिसंबर 2020 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार गांव धुलावट निवासी नाजिम के साथ हुई थी। शादी में परिजनों ने काफी दान दहेज दिया। जब वह ससुराल गई तो पता चला कि उसके ससुराल वाले लालची किस्म के व्यक्ति हैं और उससे एक कार व दो लाख रुपये की मांग करने लगे। उसने अपने गरीब पिता का हवाला दिया तो उसके ससुराल वालों ने तेश में आकर नाजिम, जाईदा, साहबूदीन व हासिम ने उसे अधिक दहेज के लिए मारा पीटा, मानसिक, शारीरिक यातनाएं दी। लेकिन वह लोकलाज के कारण चुप रही। यह बात अपने परिजनों को बताई तो उसके परिजन ससुराल पंचायत लेकर आते और उक्त को समझाते। लेकिन उसके ससुराल वाले अपनी दहेज की मांग पर अड़े रहे। उन्होंने फिर से उससे मारपीट शुरू कर दी। गत अगस्त 2022 को उसके ससुराल वालों ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा और घर से निकाल दिया तथा धमकी दी कि अगर उनकी मांग पूरी किये बगैर आई तो जान से मार देंगे। गत 25 मार्च 2023 को भी उसके पिता ने पंचायत कर ससुराल वालों को खूब समझाया कि वह गरीब आदमी है। लेकिन उसके ससुराल वालों ने एक न सुनी और दहेज की मांग पर अडे रहे। पुलिस ने पीडित विवाहिता की शिकायत पर ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीडन सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### कवियों ने वीर रस और हास्य से दर्शकों का मन मोहा




पुन्हाना। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में शहर में एक विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष बलराज सिंगला ने की। सर्वप्रथम कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम आयोजकों ने अध्यक्ष बलराज सिंगला व आमंत्रित कवियों का गर्म जोशी से स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।
उतरप्रदेश के छाता से आये कवि श्यामसुंदर अकिंचन ने जहां ब्रजभाषा में राधा कृष्ण की महिमा गाकर लोगों को भाव- विभोर किया। वही प्रेम व करुण रस की कविताओं से दर्शकों का मन मोह लिया। दिल्ली से कवि सुनहरी लाल तुरंत ने हास्य रस की कविताओं का पान करते हुए पाकिस्तान व पत्नी की तुलना कर दर्शकों को लोटपोट होने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने पत्नी महिमा नामक हास्य रस की कविता पान किया, वहीं बेटियों की महिमा का भी गुणगान किया।
कवि सम्मेलन में गांव खाम्बी से आए कवि मोहित मनोहर ने दर्शकों को वीर रस की कविताओं से जहां मंत्र मुक्त कर दिया, वही देश की राजनीति पर भी कड़वे कटाक्ष कर युवाओं में देशभक्ति की अलख जगाई। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के पूर्व चैयरमेन भानीराम मंगला, जिला प्रधान जवाहरलाल मंगला, रविंद्र गोयल, सुभाष चंद्र, रामावतार बडेडिया, पवन कुमार नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल, नरेश सिंगला, दिनेश रुपड़िया, कैलाश गर्ग सहित अग्र मित्र युवा मंडल के कार्यकर्ता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

**सोहना ।** साइबर अपराध रोकथाम थाने की टीम ने क्रेडिटकार्ड कस्टूमर अधिकारी बनकर एक युवक से ठगी करने के आरोप में महिला को गिरफ्तार किया है। महिला रूप से गुजरात जिले के छिछ्वाड़ा के गांव बालसड़ की रहने वाली आशीष कुमारी बताई गई है। एसीपी क्राइम वरूण दहिया का कहना है कि आरोपी महिला से पूछताछ चल रही है। जिसे पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी।

### एक जुआरी गिरफ्तार

सोहना । सीआईए पुलिस ने मंगलवार को एक स्थान पर जुआ खेल रहे युवकों में से एक युवक को पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के पास से तलाशी के वक्त 5190 रुपए की नकदी, सटटा पर्ची, लकड़ी का फटटा, पैन, पोस्टर, ताश की गडडी और प्लास्टिक कटटा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान लखमीचंद यादव हालआबाद शिवनगर कॉलोनी के रूप में हुई है। एसीपी क्राइम वरूण दहिया का कहना है कि आरोपी से पूछताछ चल रही है। जिसे पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी।

### करवाचौथ के त्यौहार के लिए महिलाओं ने की जमकर खरीददारी

# महंगाई पर भारी करवाचौथ का त्यौहार

**करवाचौथ का त्यौहार महिलाओं का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र




नूंह । त्योहारों के चल रहे सीजन में बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। अभी कुछ दिन पहले जहां नवरात्रों और दशहरे को लेकर बाजार गुलज़ार रहे वहीं आज सुहागनों का सबसे बड़ा त्यौहार करवाचौथ को लेकर महिलाओं ने बाजारों में जमकर खरीददारी की। महिलाएं कहीं मेहंदी लगवाती हुई नज़र आईं तो वहीं ब्यूटी पार्लरो में भी भीड़ देखने को मिली। आपको बता दें कि करवाचौथ का त्यौहार महिलाओं का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। करवाचौथ के दिन सभी सुहागने अपने अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए उपवास रखती हैं। उनके लिए सजती संवरती हैं और संध्या समय करवाचौथ की कथा सुनने के लिए सभी अपने अपने मोहल्ले में इकट्ठा होती हैं। फिर रात्रि चांद को देखकर अपने पति के हाथ से पानी पीकर अपना निर्जला उपवास खोलती हैं। मान्यता है कि इससे करवा माता खुश होकर सभी सुहागनो को सदा सुहागन होने का आशीर्वाद देती है। इस उपवास को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिलता है। सभी इस दिन सभी सुहागन महिलाएं अपने पतियों के लिए तैयार होती हैं। इस त्यौहार के चलते बाजारों में महिलाओं की खासा भीड़ देखने को मिलती है। सभी सुहागन महिलाएं सारा सुहाग का सामान बिल्कुल नया खरीदकर पहनती हैं जिससे बाजारों में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिलती है। पायल, मनीषा, प्रीति, कीर्ति, पूजा, प्रिया आदि सुहागन महिलाओं ने बताया कि साल में एक बार आने वाला यह करवाचौथ का त्यौहार उनके लिए बहुत खास होता है। उन्होंने बताया कि वो अपने पति की लंबी उम्र के लिए हर साल ये उपवास रखती हैं फिर अपने पति के हाथ से रात को पानी पीकर उपवास खोलती हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने हर साल की तरह इस साल भी जमकर खरीददारी की है। सुहाग की हर निशानी नई खरीदी है।

**महंगाई से पतियों की जेब होती है ढीली**

इस त्यौहार को लेकर महिलाओं में जहां बहुत उत्साह देखने को मिलता है वहीं उनके पतियों को खर्चे की वजह से जेब ढीली करनी पड़ती है। महंगाई को देखते हुए सभी पतियों को अच्छा खासा खर्चा करना पड़ता है। लेकिन फिर भी हर पति अपनी पत्नी की हर इच्छा खुशी खुशी पूरी करता है। साल में एक बार आने वाले इस त्यौहार में कोई भी पति अपनी पत्नी को नाराज़ किए बिना उनकी हर इच्छा खुशी से पूरी करता है।

# बिजली विभाग के ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप

नरेश मेहंदीरत्ता, भरोसा मित्र



तावडू । शहर के वार्ड नंबर 11 सरकारी अस्पताल के समीप बिजली विभाग पर एक महिला ने गली में बराबर दूरी पर पोल न लगा कर उनके घर के आगे लगाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि 220 फुट की गली में 4 पोल बराबर दूरी पर लगे थे। लेकिन उसमें से एक पोल निकाल देने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस बारे में वह कई बार संबंधित विभाग से समस्या के समाधान के लिए गुहार लगा चुके हैं। लेकिन समास्या का समाधान न होने से उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है।
शहर के वार्ड नंबर 11 निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि उनकी गली 220 फुट लंबी है, जिसमें बिजली विभाग द्वारा 4 पोल बराबर दूरी पर लगे थे। उनके यहां न रहने के कारण इन पोल को मिलीभगत करके ठेकेदार से गली के अन्य निवासियान ने अपने घर के आगे से हटवा कर बिना समान दूरी पर अब 3 पोल ही लगा दिए हैं। जो वह पोल अभी भी गली के बाहर पडा है। गली में पहला व दूसरा 60 फुट की दूरी पर और तीसरा 100 फुट की दूरी पर पोल लगा है। इस बारे में वह संबंधित विभाग को कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन समस्या ज्यौं के त्यौं है।
बिजली विभाग के एसडीओ ने बताया कि वह इस मामले को लेकर उक्त स्थान की विजिट कर चुके हैं। गली वालों की आपसी तालमेल न होने के कारण पोल नहीं लग पा रहा है। यहां कोई भी व्यक्ति अपने घर के आगे पोल नहीं लगने देता। जबकि बिजली सभी को चाहिए।

# अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति थी इंदिरा गांधी : महताब

**लौह पुरुष, देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें खिराज ए अकीदत पेश करते हैं**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह । जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर कांग्रेस जनों ने पीसीसी सदस्य महताब अहमद की अगुवाई में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर व प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें खिराज ए अकीदत पेश की। कांग्रेस नेता महताब अहमद ने कहा कि आज, देश इंदिरा गांधी को गंभीरता से याद कर रहा हैं और उन्हें अपनी खिराज ए अकीदत अर्पित कर रहा है, जिनका अनुकरणीय नेतृत्व और हाशिए पर मौजूद लोगों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित सेवा शाश्वत प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कही कि संपूर्ण देश को एकता एवं अखंडता के सूत्र में पिरोने वाले भारत के लौह पुरुष, देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें खिराज ए अकीदत पेश करते हैं। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी राष्ट्र के अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति थी। जो उदार हृदय होने के कारण देश के हर वर्ग के प्रति सहानुभूति रखती थीं। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व, अनूठी कार्यशैली और दूरदर्शिता से मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महताब अहमद ने कहा, विभिन्न सूबों के भारत के साथ एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका सर्वविदित है। मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों और जनजातीय सलाहकार समिति की उनकी अध्यक्षता भी अत्यंत महत्वपूर्ण थी जिसने देश के संविधान को बहुत निर्णायक रूप से आकार दिया। इस दौरान पीसीसी डेलीगेट शरीफ अकबर, चो सपात मेवली, नईम इकबाल फिरोजपुर नमक, हाजी एजाज सलम्बा, मदन तंवर नूह, आमिल चैयरमैन सालाहे ी, नरेश नूह, आसिफ चंदैनी, वहीद सलम्बा, जक्की सलम्बा, साजिद सरपंच सलम्बा, हाजी इल्यास सलम्बा, हाजी बसीर सालाहे ी, मंत्री आके ा, असफदीन मेवली, शमीम रहनिया, अमीन नंबरदार, फजरु अडबर, आसिफ मेवली, वसीम ब्लॉक समिति मेंबर ऊंटका, आफाक एनएसयूआई व अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# योगासन और पोषाहार विषय पर हुआ कार्यक्रम

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह । शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहे ी,नूह में महिला प्रकोष्ठ और महाविद्यालय की योग क्लब इकाई के तत्वाधान में योगासन और पोषाहार विषय पर योग कार्यक्रम आधारित प्रशिक्षण एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।इस योगाभ्यास कार्यक्रम में महाविद्यालय की लगभग 100 छात्राओं ने स्वेच्छा से भाग लिया।महाविद्यालय प्रभारी श्री तेजपाल ,सहायक प्रोफेसर हिंदी की अध्यक्षता में इस अवसर पर आर एस योग संस्थान होडल जिला पलवल के योगाचार्य श्री ललित जी ने अपने सहयोगी फतेहराम और मनीष कुमार के साथ महाविद्यालय की छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योगासनों का योग अभ्यास कराया। साथ ही योगाचार्य ललित ने छात्राओं को योग के महत्त्व, एवं उनके लाभों से अवगत कराया।योगाचार्य श्री ललित जी द्वारा योगासन कराने के उपरांत छात्राओं को पोषाहार संबंधित व्याख्यान दिया ।उन्होंने बताया कि प्रतिदिन योगासनों का अभ्यास करने वाले विद्यार्थी शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों के शिकार नही होते ।महाविद्यालय में योग क्लब इकाई के प्रभारी श्री तेजपाल,सहायक प्रोफेसर हिंदी ने बताया कि हमें तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए साथ ही उपयुक्त समय पर सात्विक भोजन लेना चाहिए।चटपटे व मैदा से बने रिफाइंड युक्त तैलीय भोज्य पदार्थो का सेवन नही करना चाहिए। व्याख्यान देते हुए आचार्य जी ने स्वस्थ जीवन शैली बनाये रखने हेतु आहार लेने के तरीके व समय तथा उनसे होने वाले लाभों से अवगत कराया।उन्होंने ÷भोजनं अन्ते विष वारी÷ उदाहरण के माध्यम से बताया कि भोजन के तुरंत बाद पानी पीना विष के समान है।उन्होंने भारतीय संस्कृति व परिवेश अनुसार भोजन करने उसमें आवश्यक भोज्य तत्व शामिल करने,सात्विक भोजन करने के लाभों के वैज्ञानिक तथ्यों के साथ व्याख्यान दिया। इस अवसर पर योगाचार्य ललित जी के आर एस योग संस्थान होडल के प्रबंधक श्री फतेह राम,उनके सहयोगी योग प्रशिक्षित मनीष कुमार सहित डॉ रितेश कुमार,मनिंदर सिंह,सहायक प्रोफेसर वाणिज्य,डॉ अनिल कुमार,सहायक प्रोफेसर राजनीति विज्ञान,डॉ जहाँ नजीर, श्री आबिद हुसैन,विस्तार व्याख्याता ,सोएब,लैब अटेंडेंट आदि महाविद्यालय स्टॉफ व लगभग 100 के आसपास छात्राओं की उपस्थिति रही।

# पेंशन धारकों को 30 नंवबर तक खजाना व उप-खजाना कार्यालय में जमा करवाएं होगा अपना जीवन प्रमाण पत्र

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह ।खजाना कार्यालय नूंह व इसके अधीन उप-खजाना कार्यालय पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका के पेंशन धारकों को नियमित रूप से पेंशन प्राप्त करने के लिए हर साल नवंबर माह में अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना आवश्यक होता है। इसलिए सभी पेंशन धारक निर्धारित तिथि अनुसार आगामी 30 नवंबर तक अपना जीवन प्रमाण पत्र संबंधित ट्रैजरी में जरूर जमा करवाएं।
जिला खजाना अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि पेंशन धारक इस बार तीन तरह से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। पहला खजाना कार्यालय या उप-खजाना कार्यालय में संबंधित दस्तावेज मूल पीपीओ आधार कार्ड, पेन कार्ड की प्रति के साथ-साथ आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर सहित उपस्थित होकर तथा दूसरे तरीके में पेंशन धारक सीएससी या स्वयं ऑनलाइन जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से अपने बायोमैट्रिक या चेहरे की पहचान करवाकर जीवन प्रमाण पत्र दे सकते हैं। इसके अलावा तीसरे तरीके से जो पेंशन धारक बीमार व ज्यादा उम्र होने के कारण कहीं आने-जाने में असमर्थ हैं वह अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र इंडिया पोस्ट पैमेंट्स बैंक के प्रतिनिधि के माध्यम से घर बैठे भी दे सकते हैं। इसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क की दरें लागू रहेंगी।उन्होंने बताया कि जो पेंशन धारक घर बैठे पहली बार ऑनलाइन माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र देना चाहते हैं, वे पहले स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से खजाना या उप-खजाना कार्यालय में उपस्थित होकर पेंशन पोर्टल पर अपना आधार अपडेट करवाएं, ताकि उनको किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पारिवारिक पेंशन धारको को ऑनलाइन माध्यम के साथ-साथ पुनर्विवाह और पुन~ रोजगार न होने के प्रमाण पत्र भी खजाना व उप खजाना कार्यालय में उपस्थित होकर जमा करवाने होंगे। आश्रित पेंशन धारकों को अपने जीवन प्रमाण पत्र, विवाह तथा रोजगार न होने का प्रमाण पत्र और उसके साथ नवीनतम आय प्रमाणपत्र भी जमा करवाना जरूरी है।

# बच्चों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**रन फॉर यूनिटी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह । जिला प्रशासन की ओर से देश के प्रथम गृह मंत्री एवं देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जंयती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया तथा युवाओं को राष्ट्रीय एकता व देश निर्माण में सक्रीय भागीदारी करने की शपथ दिलाई गई। लघु सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त रेनु सोगन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिरिक्त उपायुक्त रेनु सोगन ने इस अवसर पर कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने छोटे-छोटे टुकड़ों में स्थित रियासतों को इक्टठा कर देश को एकता के सूत्र में पिराने का महत्वपूर्ण कार्य किया। ऐसे महानायक सरदार वल्लभभाई पटेल को सदियों तक उनके कार्यों व देश सेवा में किए गए कार्यों के लिए याद किया जाएगा। हमारा देश लगभग 200 साल तक अंग्रेजों का गुलाम रहा, जब 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से आजादी मिली, तब देश में 562 रियासतें थी। सरदार वल्लभभाई पटेल ने इन सभी रियासतों को अपनी सूझ-बूझ, लग्न व अथक प्रयासों से एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। हमें ऐसे महान पुरुषों को कभी भुलना नहीं चाहिए तथा देश सेवा में उन द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी एकजुट होकर ईमानदारी व सच्ची निष्ठा से अपना कार्य करेंगे, तभी देश, प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा पाएंगे। सभी युवा प्रण लें कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करेंगे तथा अन्य देशवासियों को भी देश सेवा में तत्पर रहने को प्रेरित करेंगे। आज हम सभी को एकजुट होकर देश की तरक्की, उन्नति के लिए कार्य करने का प्रण लेना चाहिए। इस अवसर पर डीएसपी सुरेंद्र किन्ना, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी वेदप्रकाश लांबा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, शिक्षा विभाग से एफएलएन संयोजक कुसुम मलिक, खो-खो कोच धमेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पांच साल से फरार चल रहा आरोपी गिरफतार

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह । नूंह सीआईए पुलिस ने एक ऐसे फरार घोषित आरोपी को दबोचा है। जिसने पांच पहले ओएलएक्स पर ट्रैक्टर बेचने का विज्ञापन देते हुए पंजाब के रहने वाले लोगों को नूंह बुलाकर अपने साथियों की मदद से अवैध हथियारों के बल पर लाखों रुपए की लूटपाट की थी। आरोपी को पांच साल बाद नूंह सीआईए पुलिस ने झंडा पार्क से दबोचा है। जिसकी पहचान मौसम खान पुत्र जैकम निवासी टहिया पट्टी नई थाना बिछोर जिला नूंह के रूप में हुई है,जिस पर मुख्य रूप से ओएलएक्स पर विज्ञापन के बहाने बाहरी लोगों को मेवात में बुलाकर अपनी गेंग के साथ हथियार के बल पर लूटपाट करने के आरोप थे। आरोपी मौसम खान थाना रोज का मेव में दर्ज एक केस में भी कोर्ट के आदेश पर फरार घोषित चल रहा था। नूंह पुलिस प्रवक्ता से मिली जानकारी के मुताबिक नूंह सीआईए टीम को बीते मंगलवार को सूचना मिली कि ओएलएक्स पर विज्ञापन का झांसा देकर बुलाने और अवैध हथियार के बल पर लोगों से छीना झपटी की गेंग से जु ा और दो मामले में वांछित आरोपी मौसम खान पुत्र जेकम निवासी टहिया पट्टी थाना बिछोर,नूंह झंडा पार्क के पास मौजूद है। सूचना के मुताबिक पुलिस ने मौके पर दबिश देकर एक युवक को काबू कर लिया।

# स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

नरेश मेहंदीरत्ता, भरोसा मित्र



तावडू । हरियाणा राजस्थान बार्डर पर स्थित गांव खोरी कलां में साहिल ऐजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित माडर्न हिंद सीनियर सैकंडरी स्कूल में करवाचौथ के उपलक्ष्य में मंगलवार को मैहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ-चढ कर भाग लिया और इस दौरान बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12 वीं कक्षा की लडकियों ने भाग लिया। स्कूल प्रिंसिपल सविता भारद्वाज ने ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिता कराने से बच्चों में छिपी प्रतिभा सामने उभरकर आती है। जिससे बच्चों का मनोबल बढता है। इस प्रतियोगिता में 30 बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि छात्राओं का मैहंदी प्रदर्शन इतना आकर्षक था कि चयन करना मुश्किल था कि पुरूस्कार किसको दिया जाए। उन्होंने बच्चों की प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए कहा कि भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहेगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को पुरूस्कृत किया गया। इस दौरान साजिद खांन, अनुप सहरावत, कर्मवीर, श्यामबीर, मंजू रानी, गौरी आदि स्टाफ मौजूद था।

**अच्छी बात**

**'थारी पेंशन-थारे पास' के मूलमंत्र के साथ वास्तविक हकदारों को दिया पेंशन योजनाओं का लाभ**

# पीपीपी ऑटो मोड से बनी 8 हजार 447 बुजुर्गों की पेंशन

**सरकार की सेवाओं का लाभ वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने में लिए परिवार पहचान-पत्र सशक्त माध्यम बन रहा है**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने थारी पेंशन-थारे पास के मूलमंत्र के साथ विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने का काम किया है। सरकार की सेवाओं का लाभ वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने में लिए परिवार पहचान-पत्र सशक्त माध्यम बन रहा है। जिला नूंह में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अब तक वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत 8 हजार 447 वृद्धजनों, 122 दिव्यांगजनों व नौ विधुरों की घर बैठे स्वत~ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन बनी है।



उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन व दिव्यांग पेंशन योजनाओं को परिवार पहचान-पत्र से जोडने के बाद अब बुजुर्गों व दिव्यांगजनों को काफी राहत मिली है और अब इन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि आयु व आय के निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले बुजुर्गों की पेंशन ऑटो मोड में बन रही है। अब किसी बुजुर्ग व दिव्यांगजन को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता व दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिला में 8 हजार 447 पात्र बुजुर्गों व 122 दिव्यांगजनों व नौ विधुरों की पेंशन पीपीपी के माध्यम से बनी है। समाज कल्याण विभाग द्वारा नूंह जिला के बुजुर्गों व दिव्यांगजनों को प्रतिमाह 2750 रुपए की राशि पेंशन के रूप में दी जा रही हैं। परिवार पहचान-पत्र से वृद्धजनों को पेंशन बनवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिली है। पीपीपी के अनुसार जिनकी उम्र 60 साल हो गई है और जिनकी पति-पत्नी की सालाना आय 3 लाख रुपए से कम हैं, उनका डाटा क्रीड की तरफ से ऑटोमैटिक तरीके से सोशल जस्टिस डिपार्टमेंट को भेज दिया जाता है। पीपीपी में जैसे ही बुजुर्ग की उम्र 60 वर्ष होती हैं, उसी समय विभाग को क्रीड की ओर से सूचना मिल जाती है। इसके बाद विभाग संबंधित लाभार्थी के पास जाकर उसकी सहमति लेता हैं, यदि वह सहमति देता है तो उसके बाद पेंशन शुरू कर दी जाती है। उन्होंने बुजुर्गों से आह्वान किया कि वे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए किसी भी विभागों के कार्यालय में चक्कर ना लगाएं। इस सम्मान भत्ता के पात्र होते ही विभाग के कर्मचारी स्वयं आपके पास आएंगे। सरकार की ओर से वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में वृद्धावस्था पेंशन के लिए आय की पात्रता सीमा 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए वार्षिक कर दी है।

**दिव्यांगजनों को भी मिल रहा ऑटोमेटेड पेंशन योजना का लाभ**

दिव्यांगों को पेंशन बनवाने के लिए समाज कल्याण विभाग कार्यालय के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। सरकार की ओर से दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को ऑटोमेटेड पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। परिवार सूचना डेटा में 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग के रूप में सत्यापित दिव्यांगों के प्रासंगिक डेटा को हर महीने हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित किया जाता है। सत्यापन के बाद सभी दिव्यांगजनों का डेटा योजना द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुसार सेवा विभाग के साथ सांझा किया जाता है। इसके बाद संबंधित अधिकारी पेंशन शुरू करने के लिए सहमति लेने के लिए दिव्यांग के पास जाते हैं और सहमति प्रदान करने वाले सभी दिव्यांगजनों की अगले महीने से पेंशन शुरू कर दी जाती है।

### दान-पुण्य का फल अवश्य प्राप्त होता है

**तावडू।** क्षेत्र के मंदिरों में कार्तिक मास के उपलक्ष्य में ब्रह्ममुहूर्त में स्नान करके लोग भगवान विष्णु जी की पूजा कर रहे हैं। कार्तिक मास में व्रत रखने वालों को मोक्ष के साधन के रूप में बताया गया है। यह विचार पंडित नंदू भारद्वाज ने रखे। उन्होंने बताया कि नदियों में जैसे गंगा व भगवानों में विष्णु इसी प्रकार मासों में कार्तिक मास क्षेष्ठ हैं। इस मास में गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। इस माह में जो व्यक्ति नियमों का पालन करते हैं, वह वर्ष भर सभी पापों से मुक्ति पाते हैं। धर्म शास्त्रों में प्रत्येक ऋतु व मास का अपना विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इस माह भवान विष्णु चार माह की अपनी योगनिंद्रा से जागते हैं। इस मास में दीपदान करने से भगवान विष्णु जी की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में छाया अंधकार दूर होता है। इस मास में दीप जलाने वाले व्यक्ति को अश्वमेद्य यज्ञ के बराबर फ लों की प्राप्ति होती है। इस मास में तुलसी के समीप दीपक जलाने से व्यक्ति को साक्षात लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्त होती है।

## खबर फटाफट

### स्कूल मित्रपुरा में राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**नारनौल।** हरियाणा खेल विभाग की ओर से एमआर पब्लिक स्कूल मित्रपुरा में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 56 वीं हरियाणा राज्यस्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए आज एईओ रमेश चंद्र ने तैयारी का जायजा लिया। यह जानकारी देते हुए एईओ रमेश चंद्र ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में ज्ञान सिंह एचपीएस जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नारनौल मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी 22 जिलों के साथ मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल राई की क्रिकेट टीमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सियाराम यादव करेंगे। इस अवसर पर खेल नोडल अधिकारी अटेली खंड शिक्षा अधिकारी डा. देवेंद्र, एईओ रमेश चंद्र, डीओसी रमेश सोनी, नारनौल उप जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र व कृष्ण कुमार, सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं सभी बीआरसी मौजूद रहेंगे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण की



**नारनौल।** स्थानीय यदुवंशी शिक्षा निकेतन के स्वयंसेवकों ने राष्टीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण की। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्टीय एकता दिवस के रूप मे मनाते आ रहे है। इस वर्ष मेरी माटी मेरा देश अभियान के हिस्से के रूप मे जिसका उद्देश्य हमारी आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करना है। इस अवसर पर यदुवंशी शिक्षा निकेतन के चेयरमैन व पूर्व विधायक नांगल चौधरी राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्टीय एकता दिवस के महत्व को समझाया और कहा कि भले ही हम सभी विभिन्न धर्मों, क्षेत्रों, जातियों से संबंधित है और अलग-अलग भाषा बोलते है। हमे हमेशा महसूस करना चाहिए कि हम एक है। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया और राष्टीय सुरक्षा के लिए एकता व अखण्डता के महत्व को बताया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका सुरेश यादव, डीन मोनिका दीवान, उपप्राचार्य नरेश यादव व एनएसएस के इंचार्ज विनोद कुमार मौजूद रहे।

### करवा चौथ पर्व की पूर्व संध्या पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



**नारनौल।** करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य पर राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ के अन्तर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर एमआर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि करवा चौथ भारत का सबसे प्राचीन व महत्वपूर्ण पर्व है। खास अवसरों पर हाथों में मेहंदी लगाना हमारी प्राचीन संस्कृति है। मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है। मांगलिक अवसरों पर भी मेहंदी लगाने की परंपरा है क्योंकि यह सौभाग्य की प्रतीक मानी जाती है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं के कौशल को समृद्ध करना है और उन्हें इस कला में प्रोत्साहित करना है। महिला प्रकोष्ठ की संयुक्त की सयोजिका डा. पविता यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी रुचि पैदा करना है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। प्रतियोगिता में अनुराधा एमए हिंदी पूर्वार्ध प्रथम, मनीषा बीए तृतीय वर्ष द्वितीय व मुस्कान तथा भूमिका बीए प्रथम वर्ष तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित हुई। विजेताओं को 500, 300 व 200 रुपए क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय नकद पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर डा. रेणु यादव, डा. नीतू शर्मा, डा. परमीत कुमारी, डा. संदीप कुमारी, डा. मंजू कुमारी, डा. अमिता कुमारी, प्रो. पूजा रानी, डा. पिंकी यादव, डा. रितु रानी, डा. कुसुम लता सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

### सब्जी लेने गई लडक़ी हुई लापता, मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली के राजकीय कॉलेज में पढने् वाली एक छात्रा घर से गायब हो गई। छात्रा के गायब होने के बाद लडक़ी के पिता ने इस बारे में पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लडक़ी की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई शिकायत में गांव हसनपुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया है कि उसकी बेटी अटेली के राजकीय कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष में पढ़ती है। सोमवार को सायं 6 बजे वह काम करके अपने घर पर आया। तब उसने उसकी बेटी को सब्जी लाने के लिए भेजा था। इस पर वह अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ कर चली गई। पुलिस में दी गई शिकायत में व्यक्ति ने शक जताया है कि उसकी पुत्री को कनीना थाना के अंतर्गत आने वाले गांव रामबास निवासी मनोज कुमार बहला फुसलाकर ले गया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लडक़ी की तलाश शुरू कर दी है। रेवाड़ी का एक छात्र भी हुआ गायब वहीं दूसरी ओर अटेली के ही राजकीय कॉलेज में पढने् वाला रेवाड़ी जिला के नांधा निवासी पवन कुमार भी सोमवार सुबह 9 बजे घर से कॉलेज के लिए निकला था, परंतु कॉलेज के बाद वापस घर नहीं पहुंचा। इस बारे में पवन के पिता ने पुलिस में शिकायत दी है कि उसका पुत्र राजकीय कॉलेज अटेली मंडी में बीएससी थर्ड ईयर में पढ़ता था। सोमवार को घर से कॉलेज के लिए निकला था, लेकिन कॉलेज के बाद वह घर पर नहीं पहुंचा।

---

पटेल की जयंती पर जिलेभर में हुआ रन फॉर यूनिटी का आयोजन

# सरदार पटेल ने भारत को अखंड बनाया: ओम प्रकाश यादव

**हाथ में तिरंगा थामे, वंदे मातरम के जयकारों के साथ दौड़े हजारों नागरिक**

**जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंत्री ओम प्रकाश यादव ने दिखाई हरी झंडी**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र





नारनौल। हाथ में तिरंगा थामे, वंदे मातरम के जयकारों के साथ आज राष्ट्रीय एकता दिवस पर हजारों नागरिकों ने रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। हरियाणा उदय के तहत सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी दौड़ को आईटीआई मैदान से रवाना किया तथा सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में पहुंचने के बाद विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। हरियाणा उदय के तहत उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में हुए इन कार्यक्रमों में चार श्रेणियां में पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि आजादी के बाद अलग-अलग रियासतों में बंटे भारत को एकता के सूत्र में बांधने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान युगों-युगों तक याद रहेगा। राष्ट्र के प्रति उनके असाधारण योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। सरदार पटेल ने अनेक कठिनाइयों के बावजूद अपनी कुशलता, क्षमता व जज्बे की बदौलत भारत को अखंड बनाया। आज हमें उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए अखंड व सशक्त भारत को और आगे ले जाने का संकल्प लेना है।

यादव ने कहा कि हम सबको उनके जीवन और विचारों को अपने जीवन में हमेशा धारण करना है। उनके विचारों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है की एकता का संदेश देने वाली इस तरह की हर गतिविधि में बढ़-चढक़र हिस्सा लें। इस मौके पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता, पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, एएसपी प्रबिना पी, नगर परिषद की प्रधान कमलेश सैनी, एसडीएम मनोज कुमार, डीएसपी जितेंद्र कुमार, बीजेपी के जिला प्रधान दयाराम यादव, तहसीलदार गजे सिंह, जिला खेल अधिकारी मनोज शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

#### एसपी व अन्य अधिकारियों ने भी पूरी की दौड़

इस मौके पर आयोजित रन फॉर यूनिटी में जिला के आला अधिकारियों ने भी आईटीआई मैदान से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम तक दौड़ लगाकर पसीना बहाया। इनमें पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, एएसपी प्रबिना पी, एसडीएम नारनौल मनोज कुमार, डीएसपी जितेंद्र कुमार तथा नायब तहसीलदार गजे सिंह ने भी लगभग 3 किलोमीटर की इस रन फॉर यूनिटी में भाग लिया। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने इन सभी अधिकारियों के फिटनेस की हौसला अफजाई की।

#### रन फॉर यूनिटी दौड़ में ये रहे विजेता

जूनियर अंडर 17 आयु वर्ग लडक़े रन फॉर यूनिटी दौड़ में रितिक प्रथम, दिनेश द्वितीय व प्रियांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सीनियर आयु वर्ग लडक़ों में नितिन प्रथम, हरमंजीत द्वितीय व मोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर महिला आयु वर्ग में डिंपल प्रथम, लतिका द्वितीय व रिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ नागरिक आयु वर्ग में सुधीर प्रथम, दीपक द्वितीय व सत्यनारायण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कांग्रेस नेत्री ने पटेल व गांधी को दी श्रद्धांजली

नारनौल। स्थानीय कन्या अंध विद्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पूर्व जिला प्रमुख कांग्रेस नेता भाई राम सिंह की अगुवाई में मनाई गई। इस मौके पर कन्या अंध विद्यालय की छात्राओं को फल वितरित किए गए। वहीं दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की तथा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डा. राज सुनेश यादव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एक लौह पुरुष थे। उन्होंने अपने अटल संकल्प से देश के आजादी के समय राष्ट्र को एक करने के लिए सभी देशी रियासतों को एक करके भारत को सुदृढ़ राष्ट्र बनाया। उन्होंने कहा कि इसी रास्ते पर चलते हुए भारत की पूर्व प्रधानमंत्री व आयरन लेडी स्व. इन्द्रा गांधी के सफल नेतृत्व ने पाकिस्तानी सैनिकों को 1971 के युद्ध में घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था। वह विश्व की पहली महिला नेता थी। जिसने विश्व में भारत देश का मजबूत नेतृत्व किया। इस मौके पर संदीप यादव, नरेश यादव पूर्व सरपंच,



कुल्डाराम सरपंच, अभिषेक योगी, पूर्व प्राचार्य आर.के. यादव, रविश यादव, इन्द्रा देवी, माया देवी व सांविका राव आदि उपस्थित थी।

### संसार में रहो, किंतु संसार तुम्हारे अंदर न आए : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द



मनोज गोयल गुडियानिया, भरोसा मित्र

**धर्मप्रेमियों को दिया धर्म संदेश एवम प्रश्नों के उत्तर**

महेंद्रगढ़ ज्योतिषपीठ के जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने हरियाणा मंगल यात्रा के दौरान शिवरत्तन मेहता के निवास पर धर्मप्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि संसार में रहो, किंतु संसार तुम्हारे अंदर न आए । अपने आप को अंदर से ठोस बनाओ। अंदर खोखलापन नही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे बांस पानी तैरता है उसी प्रकार संसार सागर में डूबो मत। धार्मिक आचरण करते रहो। मै जिस गद्दी पर विराजमान हूं उसके क्षेत्र में 12 राज्य आते है। अपने क्षेत्राधिकार को देखने के लिए ही हरियाणा का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इतने राज्यों में सबसे पहले मैने हरियाणा को इसलिए चुना क्योंकि इस राज्य के नाम मे हरि का नाम है और हरी के आने के बारे में बताया गया है। जिसकी वजह से सर्वप्रथम मैने हरियाणा का चयन किया। गुरुजी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म सबसे पुराना है। इसके शुरुआत की न कोई तिथि है और ना ही इसके अंत की कोई तिथि है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म का नाम सनातन इसलिये है जो चीज सदा रहती है या सदा रहने का बोध करवाती है। इस अवसर पर संजय अग्रवाल पाली, रमा अग्रवाल, शिव रतन मेहता, अर्चना मेहता, सुरेंद्र बंटी, कमल गोयल, मुकेश मेहता, मनोज गोयल गुडियानिया, विनोद तंवर पाली, दिलीप गोस्वामी, राकेश अग्रवाल, अशोक बंसल, गोपेश मेहता, विवेक मेहता, पवन गुप्ता, एपी मेहता, जयकिशन शर्मा, कवर्धा से आनंद उपाध्याय, अलवर धर्मासद प्रणय स्वामी, संदीप चौधरी, भाई अश्वनी सहित आयोजन समिति के अनेक सदस्य व गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## नारनौल शहर व आसपास के गांव में भूकंप के झटके

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सोमवार रात को 9:53 पर 3.1 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके कुछ ही सेकंड तक महसूस हुए, लेकिन इसकी गडग़ड़ाहट कई देर तक सुनाई दी। भूकंप के झटकों के बाद लोग घरों से बाहर निकल गए। वहीं सोशल मीडिया में भी इसकी जमकर चर्चा होने लगी। भूकंप का केंद्र रेवाड़ी जिले का खोल बताया जा रहा है। शहर में आसपास के क्षेत्र में रात को 9:53 पर अचानक से धरती हिल गई। 9:53 पर कुछ सेकेंड के लिए नारनौल शहर व आसपास के गांव में भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि शहर में ये झटका लोगों को तेज लगे। वही नांगल चौधरी में गोद बलावा क्षेत्र की तरफ भूकंप के झटके कम महसूस किए गए। रात को आए इन भूकंप के झटकों की वजह से अचानक लोगों में घबराहट हो गई। कई लोग अपने घरों से बाहर भी निकल आए। कई देर तक लोग डर के मारे बाहर ही रहे। वहीं लोग एक दूसरे को फोन कर इसकी जानकारी भी लेने लगे। दूसरी और सोशल मीडिया के कई ग्रुपों पर भी इसकी चर्चा होने लगी। इस बारे में राजकीय पीजी कॉलेज के पर्यावरणविद डा. चंद्रमोहन ने बताया कि भूकंप का केंद्र रेवाड़ी के पास खोल रहा। उन्होंने बताया कि यह झटका 3.1 की तीव्रता से आए थे जो काफी तेज रहे।

## नगर पार्षद, नगर परिषद व नगर पालिका के अधिकारियों कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**सरकार की जन सेवाओं का लाभ आम नागरिकों को मुहैया कराने के लिए सरकार ने की हैं ऑनलाइन पोर्टल सेवाएं आरंभ**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। हरियाणा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व पोर्टल की जानकारी देने के लिए सभागार भवन में चल रहे पांच दिवसीय वर्कशॉप के दूसरे दिन आज सभी जिला पार्षद, ब्लॉक समिति सदस्य व सभी सरपंचों को योजनाओं व पोर्टल के बारे में जानकारी दी। डिप्टी सिस्टम एग्जीक्यूटिव ऑफिसर विनोद ने कहा कि हरियाणा सरकार की जन सेवाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से आम नागरिकों को मुहैया कराने के लिए सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल सेवाएं आरंभ की हुई हैं। नागरिकों को इन पोर्टल के बारे में सही जानकारी हो, इसके लिए नागरिक संसाधन विकास विभाग (सीआरआईडी) ने जिला में प्रशिक्षण देने की शुरुआत की है, जो कि सभी के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी विभागों ने अपने विभाग से संबंधित पोर्टल के माध्यम से योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 2 नवंबर को सभी नगर पार्षद, नगर परिषद व नगर पालिका के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### कॉलेज में ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस कैंप आयोजित

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी रेवाड़ी की ओर से आज राजकीय महिला महाविद्यालय में ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा. ज्ञानचंद राणा मौजूद थे। इस मौके पर रेवाड़ी प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी की अध्यक्ष डा. अलका यादव ने कॉलेज में उपस्थित छात्राओं व अध्यापक गणों को ब्रेस्ट कैंसर के लक्षणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर किसी भी महिला को हो सकता है लेकिन अगर उसके बारे में शुरुआत में ही पता चल जाए तो उसका जल्द से जल्द व सही इलाज हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी बीमारी को छुपाना नहीं चाहिए बल्कि उसके शुरुआत में ही हमें उसकी जांच करवानी चाहिए ताकि समय पर इलाज हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय से प्रोफेसर डा. गीता यादव, डा. ममता शर्मा, डा. अंजू व प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी रेवाड़ी से डा. वर्तिका, डा. विदुषी मित्तल, डा. विभा शर्मा मौजूद थी।

### अंत्योदय महासम्मेलन दो को रवाना होंगे लाभार्थी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। दो नवंबर को करनाल के सेक्टर-4 के मैदान में होने वाले अंत्योदय महासम्मेलन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। इस महासम्मेलन के लिए जिला महेंद्रगढ़ से 22 बसें सुबह 7 बजे अलग-अलग लोकेशन से रवाना होंगी। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि मुख्य पांच विभागों के लाभार्थियों को संबंधित विभाग द्वारा संपर्क कर लिया गया है। जिला महेंद्रगढ़ से इस अंत्योदय महासम्मेलन में ये सभी लाभार्थी पूरे उत्साह के साथ शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को राज्य सरकार की ओर से एक-एक किट भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन लाभार्थियों को लाने व ले जाने तथा भोजन की व्यवस्था भी प्रशासन की ओर से की जाएगी। इस अंत्योदय महासम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल लाभार्थियों को संबोधित करेंगे। जिला से जाने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए मुख्य पांच विभागों से एक-एक नोडल ऑफिसर रहेंगे।

हरियाणा-राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## 25 हजार के इनामी आरोपी को पकड़ा

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



निजामपुर। निजामपुर क्षेत्र में थाना खेतड़ीनगर, थाना मेहाड़ा व थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से मंगलवार को रेड की। इस दौरान हत्या के मामले में संलिप्त आरोपित को पकड़ा गया, जिसकी पहचान राजेश उर्फ लिडरिया वासी रूप सराय के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ सन् 2022 में नागौर राजस्थान के थाना नावा सिटी में हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज था। आरोपी इस मामले में फरार चल रहा था, आरोपी को पकडने् के लिए उस पर राजस्थान पुलिस द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था। आरोपित कई सालों से राजस्थान में एनडीपीएस के स्थाई वारंटों में फरार चल रहा था। आरोपी थाना सदर महेंद्रगढ़ में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में भी वांछित था। आरोपी के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, अपहरण, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम के तहत आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के दिशा-निर्देशानुसार पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा राजस्थान के मामलों में वांछित आरोपियों को पकडक़र राजस्थान पुलिस के हवाले किया जा रहा है। थाना निजामपुर क्षेत्र में हरियाणा-राजस्थान की पुलिस टीमों द्वारा ज्वाइंट रैड की गई। टीमों द्वारा इनामी आरोपी के संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को पकडक़र राजस्थान पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## खेल-कूद से विद्यार्थियों में एकता की भावना उत्पन्न होती है : डा. पूर्ण प्रभा

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्मदिवस पर राजकीय महाविद्यालय नारनौल में प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा के नेतृत्व में एकता के लिए खेल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें भू गर्भ विज्ञान के विभागाध्यक्ष कैप्टन डा. जयपाल की टीम एवं एनएसएस यूनिट्स के कैप्टन डा. सत्य पाल सुलोदिया की टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। आयोजन के शुभारंभ पर प्राचार्या ने दोनों टीमों का परिचय लिया तथा कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने भारत की रियासतों को एक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसलिए उनके जन्म दिन को राष्टीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेल-कूद प्रतियोगिताओं से बच्चों में एकता की भावना उत्पन्न होती हैं। यूथ रेडक्रास के नोडल अधिकारी डा. चंद्रमोहन ने बताया कि खेलों से विद्यार्थियों में एकता और अखंडता की भावना पैदा होती है। खेलों की बदौलत दुनिया में आज भारत का परचम लहराया है। इस प्रतियोगिता के आयोजक भू विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. जयपाल सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, क्लबों तथा यूनिटस की टीमों को आमंत्रित किया गया। खबर मिलने तक पहले मैच में भू विज्ञान विभाग ने एनएसएस यूनिट्स को 8 विकेट से हराया। इस अवसर पर भू विज्ञान विभाग से डा. सोनू जागलान, डा. सपना यादव कंप्यूटर साइंस के डा. मनोज राठी, डा. सुभाष यादव जीव विज्ञान विभाग से आदि उपस्थित थे।

मन की बात कार्यक्रम

हकेवि सतर्कता जागरूकता सप्ताह जारी

## एक होकर काम करने से ही विकसित होगा भारत : प्रो. टंकेश्वर कुमार

**कुलपति ने दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र




महेंद्रगढ़। स्थानीय हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 30 अक्टूबर से 05 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मंगलवार को विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार सहित विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों व शिक्षणेतर कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली। विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में हुए इस आयोजन में विश्वविद्यालय समुदाय ने न सिर्फ भ्रष्टाचार से खुद को दूर रखने बल्कि अपने आसपास हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने की शपथ ली। भ्रष्टाचार मुक्त विकसित भारत पर केंद्रित इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि जब हम मिलकर राष्ट्र निर्माण हेतु कार्य करेंगे तभी भारत श्रेष्ठ होगा। कुलपति ने इस अवसर पर भारत की एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिखाए गए पथ पर चलकर ही विकसित भारत, श्रेष्ठ भारत, समृद्ध भारत का सपना साकार होगा। कुलपति ने इस अवसर पर सभी सहभागियों को जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया और कहा कि यदि कोई इस विषय में लापरवाही करता है तो वह भी एक तरह का भ्रष्टाचार ही है। उन्होंने जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों को पूर्ण करने की सीख देते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। आयोजन में सम्मिलित विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने सभी सहभागियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर निकाली गई जागरूकता रैली को प्रो. सुषमा यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मुख्य सतर्कता अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. ए.के. यादव ने बताया कि इस बार केंद्रीय सतर्कता आयोग की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे। निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से जन जागरूकता फैलाई जाएगी। इस आयोजन के अंतर्गत मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक खंड एक, तीन, चार से होते हुए इनोवेशन सेंटर व वाईफाई पार्क तक जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षणेतर कर्मचारियों ने हिस्सा

### हेमंत शर्मा को मिली चुनाव प्रचार की जम्मेदारी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। एआईसीसी के राष्टीय विचार विभाग की राष्टीय अध्यक्षा और राजस्थान की वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. गिरजा व्यास ने विचार की केंद्रीय प्रचार टीम में जिला महेंद्रगढ़ से राष्टीय विचार विभाग में बतौर रीजनल कोऑर्डिनेटर एडवोकेट हेमंत शर्मा सिहमा को राजस्थान चुनाव प्रचार टीम में शामिल किया है। एआईसीसी के विचार विभाग की केंद्रीय प्रचार टीम के साथ जिला महेंद्रगढ़ के एडवोकेट हेमंत शर्मा अब राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों के लिए उनके क्षेत्र में जाकर कांग्रेस की नीतियों को जन जन पहुंचाने और कांग्रेस उम्मीदवारों को जीताने की अपील करेंगे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डा गिरजा व्यास ने राजस्थान चुनाव प्रचार में एडवोकेट हेमंत शर्मा सिहमा को राजस्थान चुनाव प्रचार में अहम जिम्मेदारी का कार्यभार पत्र सौंपा। पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. गिरजा व्यास ने राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह टोड़ासरा को एआईसीसी विचार विभाग टीम चुनाव प्रचार समिति का नियुक्ति पत्र भेजकर सूचित किया है। कांग्रेस के रीजनल कोऑर्डिनेटर एडवोकेट हेमंत शर्मा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और एआईसीसी विचार विभाग की राष्टीय अध्यक्षा डा. गिरजा व्यास का राजस्थान चुनाव प्रचार में केंद्रीय समिति के साथ बतौर रीजनल कोऑर्डिनेटर शामिल किए जाने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें राजस्थान चुनाव प्रचार में जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और राजस्थान में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का प्रयास करेंगे।

1 page 6_01.qxd 10/31/2023 9:52 PM Page 1



## खबर फटाफट

### बिना भेदभाव के काम कर रही सरकार : अमित

**रेवाड़ी।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने के विजन व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरित होकर हरियाणा सरकार ने प्रदेश में अंत्योदय कल्याण के एक नए युग का सूत्रपात किया है। प्रदेश की बागडौर संभालने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धांत अंत्योदय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया, जिसमें आखिरी व्यक्ति के उत्थान को महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी नीति पर काम करते हुए हरियाणा सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए योजनाएं बना रही है। यह बात मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव व सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कही।

डा.अमित कुमार अग्रवाल ने अंत्योदय महासम्मेलन के मद्देनजर जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का हक पहले गरीब को मिले ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का जीवन खुशहाल और समृद्ध हो सके। इसी सोच के तहत हरियाणा सरकार द्वारा 2 नवंबर को करनाल में अंत्योदय महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सम्मेलन में आयुष्मान भारत, पेंशन स्कीम व अन्य योजनाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीब परिवारों के उत्थान के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से 1 लाख रुपये सालाना आय वाले परिवारों की वार्षिक आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने का बीड़ा उठाया है।

### होटल के कमरे में जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने दी जान

**रेवाड़ी।** स्थानीय रेलवे चौक स्थित एक होटल में कमरा लेकर रुके एक युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में उसने प्रोपर्टी डीलर समेत तीन लोगों को अपनी मौत के लिए जिम्मेवार ठहराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले के गांव कुमरोधा निवासी हवा सिंह किसी काम से जाने की बात कहकर घर से गत 21 अक्तूबर को निकला था। पुलिस को दिए बयान में हवा सिंह के बड़े भाई ने बताया कि 30 अक्तूबर की सुबह हवासिंह ने उसे फोन करके बताया कि वह एक होटल मे कमरा लेकर ठहरा हुआ है। उसने एक प्रोपर्टी डीलर सहित तीन लोगों से मजबूर होकर जहरीला पदार्थ खा लिया है। जिसके बाद वे तुरंत अपने छोटे भाई व बेटे को लेकर होटल पहुंचे। होटल पहुंचने के बाद हवा सिंह ने बताया कि वह जहरीला पदार्थ खा चुका है तथा डायरी में सुसाइड नोट छोड़ दिया है। उसे तुरंत उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। विक्रम ने हवा सिंह के सुसाइड नोट को भी पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनो को सौंप दिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### जोहड़ में डूबने से ग्रामीण की मौत

**रेवाड़ी।** जिले के गांव मोहनपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में जोहड़ में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से शव को जोहड से बाहर निकाला गया। बावल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले के गांव मोहनपुर निवासी 43 वर्षीय राजकुमार मंगलवार को गांव के जोहड़ में नहाने के लिए गया था। बताया जा रहा है कि नहाते समय पैर फिसलने के कारण वह जोहड़ की गहराई में चला गया। जोहड़ के पास ताश खेल रहे ग्रामीणों के अनुसार राजकुमार को जोहड़ में नहाते हुए देखा गया था, लेकिन उसके बाद वह दिखाई नहीं दिया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर जोहड़ में काफी तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं लग पाया। इसके उपरांत मामले की सूचना पुलिस तथा दमकल विभाग को दी गई। सूचना के बाद दमकल विभाग के कर्मी गोताखोरों को लेकर मौके पर पहुंचे। देर सायं गोताखोरों ने राजकुमार के शव को जोहड़ से बाहर निकाला। बावल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया है तथा कार्रवाही शुरु कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार राजकुमार दो भाइयों में छोटा था तथा उसका विवाह भी नहीं हुआ था। वह गांव में रहकर ही खेतीबाड़ी का काम करता था।

### चंद घंटों में चोर किया काबू

**रेवाड़ी।** गोकल गेट चौकी पुलिस ने पैसों से भरा बैग चोरी करने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को चन्द घंटो में ही गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला पलवल के गांव सीहा खटेला हाल आबाद बड़ा तालाब निवासी निखिल पुत्र चन्द्र प्रकाश उर्फ मुन्दर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बैग से चोरी किए गए 47400 रूपये बरामद किए है। जांचकर्ता ने बताया कि रेवाडी के आर्य समाज रोड मोहल्ला तेलीवाडा निवासी प्रवीन यादव ने अपनी शिकायत में बताया की वह पब्लिक हेल्थ विभाग मे नोकरी करता है। 30 अक्तूबर को समय करीब 7.30 बजे पर वह अपने घर से अनिल पुत्र बाबु सिंह निवासी कुंज गली रेवाडी को पैसे उधार देने के लिए अपने बैग में 47400 रूपये रखकर अपनी बाइक से ड्यूटी पर सीएमसी टैंक रेवाड़ी पर आया था। जब वह अपनी बाइक को खडी करके पैसों के बैग को बाइक पर रखकर कमरे का ताला खोलने लगा तो पीछे कोई अज्ञात व्यक्ति उसके बैग को चोरी करके ले गया। जिस पर पुलिस ने थाना शहर में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी निखिल पुत्र चन्द्र प्रकाश उर्फ मुन्दर को चन्द घंटो में ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# सरदार पटेल का सदैव ऋणी रहेगा देश : बनवारी

## जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने रन फॉर यूनिटी को दिखाई हरी झंडी

**राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए पूरे जोश व उत्साह के साथ दौड़े जिलावासी**

ब्यूरो, भरोसा मित्र





रेवाड़ी। हरियाणा सरकार में जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत आजाद भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मंगलवार को उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। सहकारिता मंत्री ने इस अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी को राव तुलाराम स्टेडियम परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी डीसी राहुल हुड्डा व एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल सहित प्रतिभागियों के साथ देश की एकता व अखंड़ता को बनाए रखने के लिए दौड़ लगाई। राष्ट्रीय एकता दौड़ शहर के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा चौक पर जाकर संपन्न हुई। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए प्रतिभागी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर देशभक्ति की भावना के साथ पूरे जोश व उत्साह से दौड़े। रन फॉर यूनिटी को रवाना करने से पहले जनस्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल ने दौड़ में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जो योगदान दिया, उसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का देश की आजादी में विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि हम कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं। स्वतंत्रता के उपरांत छोटी-बड़ी रियासतों को जोडे र भारत के अधीन लाने का पूरा श्रेय सरदार पटेल को ही जाता है। उन्होंने अपनी बुद्धि व अनुभव का इस्तेमाल करते हुए सभी को एकता के सूत्र में बांधा। उनके इसी योगदान के चलते उनकी जयंती देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। उनका जीवन हर मानव मात्र विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने हमें सिखाया कि राष्ट्रहित से बढे र कुछ नहीं होता। उनकी दूरदर्शिता व राष्ट्र-समर्पण सदैव युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करता रहेगा।

रन फॉर यूनिटी के समापन पर डीसी राहुल हुड्डा ने एकता दौड़ में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों ने एकता दौड़ में पूरे जोश व उत्साह से भाग लेकर राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। राष्ट्रीय एकता दौड़ में अंडर 17 ब्वॉय वर्ग में हेमंत, पुनीत व अंश, अंडर 17 गर्ल्स वर्ग में प्रियंका, खूशबू व रोबिन, पुरूष वर्ग में अमित कुमार, लक्ष्य व कपिल, महिला वर्ग में संगीता, शर्मिला व ज्योति ने क्रमशः पहला, दूसरा व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ नागरिक वर्ग में दयाशंकर व भूपेंद्र क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। मंच संचालन प्रवक्ता सुधीर यादव ने किया।

### बावल व कोसली में भी यूनिटी के लिए दौड़े युवा

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर उपमंडल कोसली व बावल में भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। बावल उपमंडल में एसडीएम बावल डा.जितेंद्र सिंह व कोसली में एसडीएम कोसली जयप्रकाश ने रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए प्रतिभागियों से सरदार वल्लभभाई पटेल जी के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित रन फॉर यूनिटी में एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल, एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह, आरटीए गजेंद्र सिंह, डीईओ नसीब सिंह, डीईईओ वीरेंद्र नारा, बीईओ रेवाड़ी सतपाल, डीडीपीओ एचपी बंसल, डीएसओ मदन पाल व डीआईपीआरओ दिनेश कुमार सहित रोटरी क्लब इंटरनेशनल अध्यक्ष डा. करतार यादव व अन्य अधिकारीगण, प्रतिभागी मौजूद रहे।

# डीसी ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

## सरदार पटेल की दूरदर्शिता के चलते राष्ट्र की एकता व अखंडता कायम : हुड्डा

**देश के पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती जिला में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। आजादी अमृतकाल में मंगलवार को देश के पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती जिला में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। डीसी राहुल हुड्डा ने जिला सचिवालय परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और अधिकारियों व कर्मचारियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डीसी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि 'मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं'।

डीसी ने कहा कि सरदार वल्भभाई पटेल राष्ट्र की एकजुटता के लिए समर्पित थे। वे राष्ट्रीय एकता के अनोखे शिल्पकार थे। उन्होंने देश के लोगों को एकता के सूत्र में पिरोते हुए नव भारत का निर्माण किया, जिसके लिए उन्हें भारत का लौह पुरूष भी कहा जाता है, राष्ट्र उनका सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि हमें आज के दिन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए यही हमारी ओर से सरदार वल्लभभाई पटेल जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह, एसडीएम बावल डा. जितेंद्र सिंह, डीएसपी पवन कुमार, डीडीपीओ एचपी बंसल, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों के लिए रेवाड़ी में हुआ पंजीकरण शिविर का आयोजन

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत जिला रेडक्रास सोसायटी रेवाड़ी द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्का कानपुर के माध्यम से केंद्र सरकार की राष्ट्रीय व्योश्री योजना व अरावली पावर कंपनी लि. झाड़ली झज्जर की सीएसआर योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को वॉकर, व्हील चेयर, कान की मशीन, छड़ी, व्हील कमोड सहित सिलिकॉन फोन तकिया, नी ब्रेस, सामइनल स्पोर्ट, रवाइकल कॉलर, फुट वियर किट आदि सहायक यंत्र व उपकरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडीआईपी योजना के तहत दिव्यांगजनों को बैटरी चालित तिपहिया साईकिल, पहिया कुर्सी, बैशाखी, कृत्रिम अंग आदि सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए मंगलवार को डीसी एवं अध्यक्ष जिला रैडक्रास सोसायटी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में रेवाड़ी के सामुदायिक भवन में पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। पंजीकरण शिविर में 550 वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया। सचिव, जिला रैडकास सोसायटी, रेवाड़ी महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सोसायटी का प्रयास है कि जिले में सभी दिव्यांगों को समय-समय पर जरूरतनुसार निःशुल्क ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, कानों की मशीन, कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाए जाते हैं। उन्होनें बताया कि आज दिव्यांगजनों व वृद्धजनों की कृत्रिम अंग (हाथ-पैर ) ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, कानों की मशीन, बैत, चश्मा आदि के लिए जांच की गई। अतिशीघ्र चिन्हित दिव्यांगजनों व विरष्ठ नागरिकों को आवश्यतानुसार कृत्रिम अंग-सहायक उपकरण दिए जाएंगे।

# विनीता पीपल तथा सीमा गुप्ता बनीं भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री

**भाजपा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डा. कविता ने समारोह में घोषित की जिला कार्यकारिणी**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त अध्यक्ष डॉक्टर कविता ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान कर दी। इस मौके पर पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष की ओर से घोषित कार्यकारिणी में पूर्व नप प्रधान विनीता पीपल व सीमा गुप्ता जिला महामंत्री घोषित किया गया। जयमाला कौशिक, रेखा शर्मा, कृष्णा यादव, स्वीटी चौहान, सुरेखा ढींगरा, पुष्पा भद्राना, निशा राठौर तथा नीरू भारद्वाज को उपाध्यक्ष, रजनी भारद्वाज, सीमा राय, प्रियंका यादव, किरण शर्मा, पिंकी टीट, मीना शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा हेमलता यादव एवं अलका मलिक, करुणा यादव, सुशीला निगम, डॉक्टर साक्षी को मीडिया टीम में सम्मिलित किया गया । मुकेश यादव जी को मन की बात संयोजक एवं रेवाड़ी मंडल का अध्यक्ष घोषित किया गया। शशि जुनेजा जी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर अनेक भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने सम्मलित होकर नवनियुक्त कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दी। महिला जिलाध्यक्ष डॉक्टर कविता ने जोर-शोर से महिलाओं का आह्वान किया और संगठन एवं पार्टी को यह विश्वास दिलाया कि रेवाड़ी जिला में 2024 के चुनाव में महिलाओं का विशेष योगदान रहेगा। भाजपा की जीत में महिलाओं की अहम भूमिका निभाएगी।

# राजस्थान चुनाव : नागौर देहात प्रभारी ने झोंकी ताकत

**जला प्रभारी कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव दिन-रात प्रचार में जुटे हैं**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर नागौर देहात जिला प्रभारी कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव दिन-रात प्रचार में जुटे हैं। पिछले कई दिनों से नागौर देहात जिले में कार्यकर्ता बैठक, जनसंपर्क तथा नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से पार्टी के प्रदेश में प्रचार के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को भी जीत के मंत्र दिए जा रहे हैं। कोसली विधायक ने कहा कि रात्रि दस बजे तक भी लोगों द्वारा भाजपा प्रत्याशियों व वक्ताओं को सुनने का इंतजार करना तथा उनका उत्साह देख साफ हो गया है कि राजस्थान में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

बीती रात्रि कोसली विधायक तथा नागौर देहात जिला प्रभारी लक्ष्मण सिंह यादव ने नावां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खारिय, कुचामन में ग्राम सरपंच व पार्टी कार्यकर्ता देवीलाल दादरवाल की देखरेख में पार्टी प्रत्याशी विजय सिंह चौधरी के समर्थन में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में भाजपा प्रत्याशी तथा वक्ताओं को सुनने के लिए देर रात करीब दस बजे तक लोग वहां जमे रहे। इस दौरान कोसली विधायक समेत अनेक वक्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के साथ-साथ सभी भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन की भी अपील की गई। इस दौरान नागौर देहात जिला प्रभारी लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि देर रात तक लोगों का यहां पर मौजूद रहकर तथा चेहरों पर जोश व उमंग साफ बता रहा है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों के दौरान कांग्रेस की सरकार ने विकास के नाम पर लोगों को केवल गुमराह करने का कार्य किया। कांग्रेस के असली दोगले चेहरे से देश की जनता पूरी तरह वाकिफ है। कांग्रेस से जुड़े लोग आज देशद्रोही ताकतों के साथ खड़े दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल बौखला चुके हैं। सभी दलों ने मिलकर महागठबंधन तो बना लिया, लेकिन उसके मुखिया बनने के लिए सभी में जूतम-पैजार हो रही है। ईमानदार व पारदर्शी शासन उपलब्ध कराने के साथ-साथ देश को विकास के मामले में तेजी से आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचारियों को फूटी आंख नहीं सुहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता भी जानती है कि देश का विकास केवल भाजपा ही कर सकती है। इसलिए लोगों का विश्वास भाजपा पर लगातार बढ़ा है। उन्होंने सभी से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की भी अपील की। इस मौके पर नावां विधानसभा चुनाव प्रभारी एमएलसी विक्रम सिंह रंधावा, नावां विधानसभा विस्तारक पूजन सिंह अटल, जिला प्रमुख नागौर भागीरथ चौधरी, उपप्रधान मोहन लाल कुमावत, नावां के सभी मंडल अध्यक्ष तथा भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षा के मंदिर में पहुंचा, भगवान महावीर का मोबाइल मंदिर

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव पर उनके संदेशों का प्रचार करने निकला अहिंसा रथ मंगलवार को रेवाड़ी पहुँचा। जैन पब्लिक स्कूल में पहुँचने पर जहाँ बच्चों ने मोबाइल रथ पर बने मंदिर में विराजमान भगवान महावीर के दर्शन किए, वहीं प्रबंधन समिति व शिक्षकों ने भगवान महावीर की आरती उतारी। विशेष प्रार्थना सभा में बच्चों को अहिंसा रथ यात्रा व भगवान महावीर के सिद्धांतों से अवगत कराया गया। इस रथयात्रा का समापन बिहार स्थित भगवान महावीर के तीर्थ पावापुरी में होगा।

मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि आकर्षक तरीके से बनाया गया 26 फुट लंबा, सात फुट चौड़ा व 11 फुट ऊँचा अहिंसा रथ बच्चों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। विद्यार्थियों में इस रथ में प्रतिष्ठित भगवान महावीर की प्रतिमा के दर्शन करने की होड़ लगी रही। विशेष प्रार्थना सभा में प्रबंधन समिति के प्रधान प्रदीप जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, सदस्य अनुज जैन, सतीश जैन, प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा व उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता ने अहिंसा रथ यात्रा टीम का अभिनंदन किया।

# गुप्तचर विभाग ने जरुरतमंदों को कराया भोजन

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। गुप्तचर विभाग की रेवाड़ी इकाई की ओर से मंगलवार को जिला निरीक्षक राजेश कुमार की अगुवाई में गरीब एवं जरुरतमंदों को भोजन-प्रसाद वितरित किया गया।

जिला निरीक्षक ने बताया कि गुप्तचर विभाग समय-समय पर जरूरतमंदों व गरीबों को यथासंभव सहयोग व भोजन कराता रहता है। इसी कड़ी में मंगलवार को राजेश पायलेट चौक के निकट आसपास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब तथा जरुरतमंद बच्चों को भोजन-प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करने से मन को आत्मिक शांति मिलती है। इसलिए प्रत्येक समर्थ व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंदों की मदद एवं सहयोग अवश्य करना चाहिए। इस दौरान लालचंद सैनी समेत अनेक कर्मचारी भी मौजूद थे।

**एकता के लिए** | रन फॉर युनिटी के प्रतिभागियों को रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी सिटी ने उपलब्ध कराया जलपान

# रन फॉर युनिटी में दौड़े 1500 बच्चे

**जिला प्रशासन की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित की गई रन फॉर युनिटी दौड़**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। जिला प्रशासन की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित की गई रन फॉर युनिटी दौड़ में करीब 1500 बच्चों ने भाग लिया। रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी सिटी की ओर से दौड़ में शामिल होने वाले बच्चों को जलपान की व्यवस्था की गई।

क्लब की ओर से रेजांगला पार्क के मुख्य गेट के निकट जलपान की व्यवस्था की गई। जहां रोटरी क्लब रेवाड़ी के प्रधान डा. करतार सिंह यादव, सचिव सुनील भारद्वाज समेत अनेक सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया। डा. रमेश यादव, एडवोकेट राकेश राव, रामसिंह, भोपाल शर्मा व कैप्टन वीर सिंह तथा अनेक क्लब सदस्य मौजूद रहे।

# धारुहेड़ा-भिवाड़ी बाईपास पर जलभराव से आमजन परेशान

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। भिवाड़ी से आने वाले प्रदूषित पानी की वजह से पिछले कई वर्षो से धारूहेड़ा व आसपास के दर्जनों गाँवो के लाखों लोगों के लिए यह एक बड़ी परेशानी बनी हुई थी। जिसके चलते धारूहेड़ा नगरपालिका के पार्षदों ने अपने इस्तीफे देने तक कि तैयारी कर एक दिवसीय धारूहेड़ा बाजार बंद की घोषणा कर रोष प्रदर्शन किया था। जिसमे धारूहेड़ा कस्बे के तमाम दुकानदारों ओर व्यपारियो ने नगरपालिका पार्षदों व चैयरमैन का पूरा सहयोग करते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे थे। इसी के चलते आखिर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जनसंवाद कार्यक्रम से पहले ही इस पानी को धारूहेड़ा मे आने से रोकने की रूपरेखा तैयार की गई और रेवाड़ी जिला प्रसासन द्वारा हाइवे पर हरियाणा की सीमा मे भिवाड़ी बाईपास पर दोनो तरफ 4 फुट ऊंचे रैंप बना दिये गए जिसकी वजह से अब धारूहेड़ा के सेक्टरो व् अन्य जगहों पर होने वाले जलभराव में कमी आई है। लेकिन अब वह पानी धारूहेड़ा आने की बजाय हाइवे की सडे व राजस्थान सीमा मे ही भिवाड़ी, सोहना व् अलवर रोड पर कई महीनो से भारी मात्रा में भरा खड़ा है। जिसकी वजह से प्रतिदिन हजारो लोगो को आवागमन हेतु परेशानी उठानी पड रही है, वही दूसरी तरफ इस जलभराव के चलते धारूहेड़ा भिवाड़ी की व्यापारिक गतिविधियों पर भी खासा असर पड़ रहा है।

धारूहेड़ा का बाजार भी इस जलभराव के चलते काफी प्रभावित है। व्यापारी पंकज तायल, योगेश जैन, गौरव जैन, भोला सैनी, पवन खोला, मनीष वर्मा, राजा शर्मा आदि दुकानदारों ने बताया की दो राज्य के इस मुद्दे का समाधान नहीं होने के कारण धारूहेड़ा व् भिवाड़ी के दुकानदारो का काफी नुकसान हो रहा है। पिछले कई महीनो से भिवाड़ी कस्बे सहित हरियाणा के बोर्डर के साथ लगते दर्जनों गावो व कालोनियों के लोग खरीदारी के लिए धारूहेड़ा बाजार तक मुख्य रास्ता पर हुए भारी जलभराव के कारण नहीं पहुच पाते जिससे की उनकी दुकानदारी पर खासा प्रभाव पड़ रहा है। धारूहेड़ा- भिवाड़ी सहित हरियाणा के गाँव गढ़ी, महेश्वरी, आकेडा, गुजर घटाल, नारायण विहार, कोशिक कालोनी आदि के लिय यही मुख्य रास्ता होने के कारण अब लोग धारूहेड़ा की बजाय किसी अन्य कस्बे की तरफ जाना पसंद कर रहे है।

## खबर फटाफट

### 50 किलोग्राम पटाखों सहित आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी शीशपाल की टीम के द्वारा पटाखों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी तरुण फरीदाबाद के सेक्टर 23 का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से काबू किया है। आरोपी से मौके पर 50.150 किलोग्राम विस्फोटक पटाखे बरामद किए गए है। आरोपी के खिलाफ थाना मुजेसर थाने में विस्फोटक सामग्री अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने दीवाली के मौके पर ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए पटाखे खरीदकर लाया था ताकि दीवाली पर उनको बेच कर पैसे कमा सके। आरोपी से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### लावारिस अवस्था में मिली 4 वर्षीय बच्ची को परिजनों के हवाले किया



फरीदाबाद। थाना सेक्टर-8 प्रभारी नवीन कुमार की टीम पुलिस चौकी सेक्टर-3 ने लावारिस अवस्था में घूम रही 4 वर्षीय बच्ची के परिजनों को तलाश कर हवाले कर ने का सराहनीय कार्य किया है। 30 अक्टूबर को पुलिस चौकी सेक्टर 3 मे सूचना मिली कि एक करीब 4 साल लडक़ी लावारिस अवस्था में घूम रही है। नाबालिक लडक़ी को तुरंत पुलिस टीम ने अपने कब्जे में लिया और परिजनों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस चौकी सेक्टर 3 इंचार्ज सीमा ने लडक़ी के परिजनों की तलाश के लिए अलग-अलग टीम गठित की। पुलिस ने बच्ची को उसके माता-पिता से मिलवाने के लिए सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के ग्रुप आसपास के लोगों की मदद ली। पुलिस ने बच्ची को उसके परिजनों से मिलवाने के लिए भरसक प्रयास किया। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची के परिजनों की संबंध में सूचना मिली। लडक़ी के परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए लडक़ी को सकुशल हवाले किया।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारीयों की हड़ताल 22 वें दिन भी जारी



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के ग्रामीण सफाई कर्मचारीयों की हड़ताल लगातार जारी। हड़ताल 22 वें दिन में प्रवेश कर गई है। अपनी लंबित मांगों को लागू करने के लिए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से गांव देहात में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। लेकिन सरकार इसकी कोई परवाह नहीं कर रही है। कर्मचारियों ने संकल्प कर लिया है। कि जब तक उनकी मांगों को सरकार लागू नहीं कर देती है। तब तक हड़ताल जारी रहेगी। यूनियन 2 नवंबर को जिला मुख्यालय पर 24 घंटे का महापड़ाव डालेगी इसका नोटिस जिला प्रशासन को दे दिया गया है। हड़ताली कर्मचारियों की सभा की अध्यक्षता जिला प्रधान महेंद्र सिंह माडोतिया ने की जबकि संचालन जिला सचिव दिनेश पाली कर रहे थे।इस अवसर पर राज्य प्रधान देवी राम और सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में दोनों नेताओं ने कर्मचारियों से आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि 28 अक्टूबर को मुख्यमंत्री द्वारा उनके वेतन में एक हजार रुपए की बढ़ोतरी करना उनके साथ भद्दा मजाक करने जैसा है। इस बढ़ती हुई महंगाई में यह वृद्धि ना के बराबर है। उन्होंने सरकार पर उनके आंदोलन की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए बताया कि सरकार को हठधर्मिता का रास्ता छोडक़र उनकी मांगों को लागू करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणा को एक तरफा कार्रवाई करते हुए कहा कि उनके कार्यालय में यूनियन की फाइल अप्रैल माह से लंबित है। अच्छा यह होता कि मुख्यमंत्री जी हमारी फाइल का अवलोकन करके मांगों को लागू करने के लिए यूनियन सिस्ट मंडल को बातचीत के लिए बुलाते । लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिसकी वजह से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। यूनियन की मुख्य मांग है। कि एक मुश्त पॉलिसी बनाकर सभी ग्रामीण सफाई कर्मियों को पक्का किया जाए। जबतक पक्का नहीं होते हैं। तब तक न्यूनतम वेतन 26हजार रुपया दिया जाए। ग्रामीण सफाई कर्मचारी को कम करने के लिए औजार प्रदान किए जाएं। इसके साथ-साथ पहचान पत्र जारी किए जाएं। महंगाई भत्ता लागू किया जाए। बढ़ती हुई आबादी के हिसाब से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को भर्ती किया जाए। मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी प्रदान की जाए। अनुग्रह पूर्वक अनुदान राशि दी जाए। पेंशन प्रणाली और ग्रैजुएटी लागू की जाए।

### पुलिस ने लौह पुरुष की जयंती पर निकाला मार्च

फरीदाबाद। 31 अक्टूबर के दिन लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाते हुए पुलिस लाइन सेक्टर-30 में मार्च पास्ट (परेड ) का आयोजन किया गया है। मार्च पास्ट में हिस्सा ले रही टुकडिय़ां राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा से होकर निकली। इस प्रोग्राम में डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, डीसीपी सेन्ट्रल पूजा वशिष्ठ, डीपीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा, एसीपी मुख्यालय अभिमन्यु गोयत, एसीपी महिला सुरक्षा मोनिका, एसीपी संेट्रल राजीव कुमार,एसीपी विष्णु प्रसाद, एसीपी सुधीर तनेजा, लाइन प्रबंधक, सीडीआई सहित अन्य पुलिसकर्मियों के अलावा नागरिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल ने अखंड भारत बनाने वाले पुरोधा भारत की एकता की शिल्पकार सरदार पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि हमें उनके द्वारा बनाए गए भारत को अखंड और एक रूप रखने के लिए उनके बताए पद चिन्हों पर चलना होगा जिसकी हम सब अपने दिल से पुरजोर कोशिश करें।

# पटेल के कड़े फैसलों के कारण आज के भारत का हो पाया है निर्माण : गुर्जर

## केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने किया रन फॉर यूनिटी मैराथन का शुभारंभ

**पीएम मोदी ने सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय कर, श्रद्धांजलि दी: कृष्ण पाल गुर्जर**

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने राष्ट्रीय एकता दिवस व प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश आजाद होने के बाद 500 से ज्यादा रियासतों में देश को बांटने का काम अंग्रेजों ने किया था। पूरा दुनिया मानती थी कि भारत को आजादी तो मिली लेकिन भारत बिखर जाएगा, लेकिन देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने एक के बाद रियासत को देश के साथ जोडऩे का काम किया। उनके कड़े फैसले लेने के कारण ही आज के भारत का निर्माण हो पाया है। इसलिए उन्हें लौहपुरुष भी कहा जाता है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज मंगलवार को प्रात- 7 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन का शुभारंभ किया व उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 में आज के दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया गया था। भारत अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी सरदार बल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने के लिए 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाता है, जिनका स्वतंत्रता के बाद कई रियासतों को भारत संघ में शामिल होने के लिए मनाने में योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। चूंकि देश भारत के एकीकरण के लिए पटेल के महत्वपूर्ण प्रयासों के लिए आभारी है, इसलिए यह दिन उस राष्ट्रीय एकता को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई जिसके शब्द हैं मैं गंभीरता से प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं राष्ट की एकताए अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करता हूं और अपने साथी देशवासियों के बीच इस संदेश को फैलाने के लिए भी कड़ी मेहनत करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश के एकीकरण की भावना से लेता हूं जो सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता और कार्यों से संभव हो सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का भी गंभीरता से संकल्प लेता हूं। दौड़ में खेल प्रशिक्षण केंद्रों व शिक्षा विभाग के लगभग 3000 खिलाडिय़ों, छात्रों द्वारा भाग लिया गया। दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रवीण कुमार को 3100 रूपये, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले अवधेश चौहान को 2100 रूपये तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले चुनमुन चौहान को 1100 रूपये प्राइज राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली योगिता पंचाल को 3100 रूपये, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले कामिनी को 2100 रूपये तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले मंदीप को 1100 रूपये प्राइज राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फरीदाबाद विधायक नरेन्द्र गुप्ता, पृथला विधायक नयन पाल रावत, उपायुक्त विक्रम सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा, डीसीपी पूजा वशिष्ठ, एसडीएम परमजीत चहल, खेल अधिकारी देवेंदर सिंह सहित खेल एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों सहित युवा खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कांग्रेसी नेताओं ने श्रद्धांपूर्वक मनाई इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

# त्याग व बलिदानों से भरा रहा इंदिरा गांधी का जीवन : कौशिक

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के पहले पूर्व गृहमंत्री स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पूर्व विधायक आनंद कौशिक व कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक के सेक्टर-9 स्थित कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान पूर्व विधायक आनंद कौशिक, बलजीत कौशिक सहित अन्य कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी के चित्र तथा वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद कौशिक ने कहा कि इंदिरा गांधी जी का पूरा जीवन देश के लिए त्याग व बलिदानों से भरा है। बचपन में ही सेना बनाकर उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया व युवा अवस्था में कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए कई जेल यात्राएं की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व 17 वर्ष तक देश की प्रधानमंत्री रहकर उन्होंने देश की सेवा में अभूतपूर्व कार्य किए तथा वे रिकार्ड तोड़ चार बार देश की प्रधानमंत्री बनी। गरीबी हटाओ का नारा देकर उन्होंने देश में गरीबी उखाडऩे के लिए काम किया। वहीं प्रिवीपर्स समाप्त करके, बैंकों का राष्ट्रीयकरण व हरित क्रांति की शुरूआत करके उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था व सामाजिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा कि 1971 में पाकिस्तान को युद्ध में हराकर ना केवल उन्होंने पाकिस्तान का बटवारा करवाया अपितु बांगलादेश का निर्माण भी करवाया। वहीं पूरी दुनिया को भारत की ताकत व अपने दृढ़ नेतृत्व का लोहा भी मनवाया। 1974 में पोकरण में परमाणु विस्फोट करके उन्होंने भारत में तरक्की व ताकत का नया द्वार खोला। आतंकवाद के खिलाफ लड़ते हुए उन्होंने 31 अक्टूबर 1984 को देश के लिए अपनी शहादत दी। इंदिरा गांधी जी का पूरा जीवन चरित्र देश व दुनिया के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। विश्व की ऐसी महान महिला का भारतीय होना, सभी भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। वहीं श्री कौशिक ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिवस देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है उन्होंने देश की रियासतों को जोडऩे का काम किया है और उन्हीं की याद में देशभर में जहां उनके स्टैूच बनवा गए वहीं रन फार यूनिटी के माध्यम से लोग उन्हें याद करते है। सभी उपस्थितनों ने इंदिरा गांधी व सरदार वल्लभ भाई पटेल के बताए आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विनोद कौशिक, प्रेसीडेंट विचार विभाग एचपीसीसी, डा. सौरभ शर्मा, वाईस प्रेसीडेंट एआईपीसी, सोनू मौर्या प्रधान, सुनीता फागना महिला कांग्रेस प्रधान, दर्शन कौशिक, पूरन सिंह, महेश चंद, किशन सिंह, दरमविदर सिंह बघेल, कुमर सिंह, महेंद्र सिंह, रविन्द्र मेम्बर, सरला मैडल, अंजू शर्मा, लक्ष्मी, रंधाना फागना सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कांग्रेस सरकार बनने पर शहरों की तर्ज पर होगा गांवों का विकास: नागर



**पूर्व विधायक ने गांवों में पैदल पदयात्रा निकालकर सुनीं लोगों की समस्याएं**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पूर्व विधायक एवं नूंह के प्रभारी ललित नागर द्वारा शुरू की गई पदयात्रा का सिलसिला अब गांवों की ओर चल पड़ा है। पदयात्रा के दौरान ललित नागर ने गांव टिकावली और सुभाष नगर में पैदल पदयात्रा निकालकर लोगों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान लोगों ने पूर्व विधायक ललित नागर के समक्ष बिजली के अनाश-शनाप बिलों को भेजने, पानी की निकासी न होने के कारण जलभराव रहने और जलजलित बीमारियां फैलने, राशन कार्ड से सही पात्रों का नाम काटे जाने और पीने के पानी की समस्या को विस्तारपूर्वक बताया। लोगों ने बताया कि पिछले नौ सालों के दौरान उनकी समस्याएं तो बढ़ी है, लेकिन समाधान कहीं नहीं हुआ। लोगों ने अपना दुखड़ा रखते हुए बताया कि न विधायक और न ही प्रशासनिक अधिकारी उनकी समस्याओं को कोई तवज्जो देते हैए जिसकी चलते वह नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है। लोगों ने बताया कि टिकावली, रिवाजपुर व बादशाहपुर पहले ग्राम पंचायत में होते थे तो यहां विकास के काम होते रहते थे, नालियों की साफ-सफाई होती रहती थी, लेकिन जब से यह गांव नगर निगम में गए हैं तब से आज तक ना कोई सफाई कर्मचारी आया है ना कोई नगर निगम का अफसर आया है हम कहीं के भी नहीं रहे हैं। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार इतिहास की सबसे कमजोर सरकार साबित हुई है, जो सरकार लोगों को जनसुविधाएं तक उपलब्ध न करवा पाए, भला ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का क्या अधिकार है। उन्होंने कहा कि केवल घोषणाओं से विकास नहीं होता बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य करने से विकास होता है और भाजपा केवल घोषणाओं की सरकार है। नागर ने कहा कि गांवों में भारत बसता है, लेकिन भाजपा ने गांवों को नगर निगम में शामिल करके उनकी भी दुर्गति कर दी है, जहां पहले ग्राम पंचायतें गांवों में विकास करती है, लेकिन अब यहां भी लोग समस्याओं से ग्रस्त हो चुके है और प्रशासन और सरकार को कोसने लगे है। उन्होंने कहा कि जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, उस दौरान हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जाते थे, गरीबों को जहां 100-100 वर्ग गज के मुफ्त प्लाट दिए गए वहीं बिजली, पानी, सीवरेज व जलनिकासी जैसी समस्याओं का समय रहते समाधान करवाय जाता था, लेकिन इस सरकार में लोगों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता, जिसके चलते लोग बदहाली का शिकार होकर रह गए है। नागर ने लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश से भाजपा सरकार का जाना तय है और हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर शहरों की तर्ज पर गांवों का विकास किया जाएगा और गांवों का खोया हुआ स्वरूप लौटाने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर गुल्ला नंबरदार, रोहताश चौधरी, इतवारी जाटव, कन्हैया पंडित, सुंदर पंडित, त्रिलोक पंडित, रविन्द्र पंडित, राजू पंडित, मंगल चौधरी, बाजू चौधरी, महेंद्र चौधरी, सुभाष चौहान, विजय चौहान, स्वामी चौहान, वीरे चौहान, धरमीन्द्र चंदीला, यानेन्द्र जीके, विजेंद्र चंदीला, रणवीर पहलवान, टेकाराम पंडित, राजू चौधरी, अनिल चौधरी, गंगाराम चौधरी, जयनारायण जाटव, श्यामलाल जाटव, राजू भाटी, इशक खान, उदगार मिश्रा, हरिंदर यादव, सुरेंद्र, वीरेंद्र, चंद्रप्रकाश, सरवेश मास्टर, चंदन, प्रेमपाल, सूरज भाटी, बाबू, श्री भगवान, महिंद्र यादव सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जीवन में बुलंदियों को छूने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी : नेहा सिंह

**उपायुक्त बोलीं, लगन से पढ़ाई करने पर किसी भी परीक्षा को पास करना आसान**

**महारानी किशोरी मेमोरीयल कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन**

भगत सिंह , भरोसा मित्र



जिला उपायुक्त नेहा सिंह का सम्मान करती डा. उत्तमा सिंह।

पलवल। महारानी किशोरी मेमोरीयल कन्या महाविद्यालय होडल में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला उपायुक्त नेहा सिंह मुख्यअतिथि तथा डीडीपीओ डॉ.उपमा अरोड़ा विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। इस अवससर पर मुख्यअतिथि नेहा सिंह, डा. उपमा अरोडा, महाविद्यालय अध्यक्षा बिरमा देवी,निदेशक डॉ.दिनेश तिवारी, कॉलेज प्राचार्य डॉ.गार्गी शर्मा, डॉ.उत्तमा सिंह, प्रियंकर चौधरी ने सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सोलो डांस, ग्रुप डांस, हरियाणवी डांस, लोकगीत,रैंप वॉक सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सोलो डांस में छात्रा निकिता प्रथम, एकता द्वितिय, दीपिका तृतिय, ग्रुप डांस में प्रथम मीनाक्षी, द्वितीय वर्षा, सपना,तृतीय रुचि,साक्षी,शशि, मिस ग्लैमरस अंजलि, मिस गॉर्जियस रूपल,मिस डायनेमिक कीर्ति, बीएड कॉलेज मिस फ्रेशर काजल, डीएमएलडी कॉलेज मिस फ्रेशर शशि, एमबीए कॉलेज मिस फ्रेशर ज्योति,डिग्री कॉलेज बी.ए इंग्लिश ऑनर्स रंजना ने प्राप्त किया है। कार्यक्रम में कालेज प्रबंधन समिति द्वारा सभी प्रतिभागी छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला उपयुक्त नेहा सिंह ने छात्राओं के साथ अपने अनुभवों को सांझा किया तो छात्राओं ने भी उपायुक्त से यूपीएससी एगजाम क्रेक करने के बारे में जानकारी ली। नेहा सिंह ने बताया कि कडी मेहनत और लगन से पढाई करने पर किसी भी परीक्षा को पास किया जा सकता है। परीक्षा में असफल होने पर किसी को भी हताश नहीं होना चाहिए,बल्कि उससे सबक लेकर और अधिक मेहनत करनी चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. गार्गी शर्मा ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्राओं सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों पर भी जानकारी उपलब्ध होती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाएं, शैक्षिक कर्मचारी तथा हजारों की संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# तानाशाही में मोदी ने हिटलर को भी किया फेल: भड़ाना

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। मोदी सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को किसी भी तरह झूठे केस में फंसाकर जेल भेजना चाहती है। सरकार ने अपने तोते ईडी से सीएम केजरीवाल को 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाकर उन्हें परेशान करने का निर्णय लिया है जो तुच्छ राजनीति का परिचय दिया है । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि मोदी जी सबसे ज्यादा केजरीवाल से डरते हैं इसीलिए उन्हें फर्जी केस में जेल भेजने का कुप्रयास कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि भाजपा के सपने पहले दिल्ली में चकनाचूर हुए फिर पंजाब में और दिल्ली नगर निगम में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी इसके बाद से ही बड़े षड्यंत्र के तहत दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह को जेल भेजा गया । उन्होंने कहा कि इस समय पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं । आम आदमी पार्टी अधिकतर राज्यों में लड़ रही है और भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के बढ़ते कदम को रोकने के लिए ईडी से उन्हें समन भिजवाया है । मोदी सरकार चाहती है कि केजरीवाल कहीं भी प्रचार करने ना जा सकें । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि फरीदाबाद में पार्टी के लाखों समर्थक हैं और बहुत बड़ा संगठन भी बना है । 2 साल के अंदर ही फरीदाबाद में कई हजार लोगों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा है । सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि तानाशाही ज्यादा समय तक नहीं चलती । मोदी जी ने हिटलर को भी तानाशाही में फेल कर दिया है लेकिन वक्त बदलता रहता है और जल्द बदलेगा और केंद्र में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी और अरविंद केजरीवाल देश के प्रधानमंत्री बनेंगे ।

### लौह पुरुष व आयरन लेडी दोनो महान : बबली

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सैक्टर -12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर भारत माता के वीर सपूत लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल पूर्व गृह मंत्री की जयन्ती व आयरन लेडी श्रीमती इन्दिरा गान्धी पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर नमन वन्दन कर याद किया पण्डित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा दोनो भारत की महान विभूति हमे इनके आदर्श मार्ग का अनुसरण करना चाहिए और सभी से निवेदन जो भी महानुभाव ब्रह्मलीन हो गए उनकी जयन्ती पुण्यतिथि पर नमन वन्दन अवश्य करना चाहिए इस अवसर पर पं हरीश पाराशर एडवोकेट पं कृष्ण पाराशर एडवोकेट ओमबीर योगेश रोहित श्रवण नक्षत्र मनोज शंकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शिकायत

## शिकायत के बाद भी अवैध निर्माण पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई

# जांच एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद भी बरकरार हैं अवैध निर्माण

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। हरियाणा के राईट टू सर्विस कमीशन के चीफ कमिश्नर टी सी गुप्ता ने आज कहा कि मुख्यमंर्तशहर में चारों तरफ धड़ल्ले के साथ अवैध निर्माण हो रहे हैं। अनेक अवैध निर्माणों को उच्चाधिकारियों के आदेश पर गिरा दिया गया था। लेकिन वहीं अवैध निर्माण फिर से तैयार हो चुके हैं। यहां तक कि भूमाफिया सरकारी और ऐतिहासिक जमीनों पर भी कब्जे कर अवैध निर्माण करने से नहीं चूक रहे हैं। दो साल पहले निगमायुक्त के आदेश पर मटिया महल की जगह पर बने अवैध निर्माण को गिरा दिया गया था। जो अब पूरी तरह बनकर तैयार हो चुका है। नगर निगम और एचएसवीपी के अधिकारियों की उदासीनता को देखते हुए और अवैध निर्माणों के संदर्भ में लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसे देखते हुए सरकार ने सीएम फ्लाइंग और अन्य सरकारी एजेंसियों को जांच के आदेश दिए थे। सीएम फ्लाइंग ने हाल ही में कई अवैध निर्माणों की रिपोर्ट बनाकर सरकार के पास भेजी हैं। लेकिन इन अवैध निर्माणों के खिलाफ आज तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### भूमाफियाओं की मिली भगत

भूमाफियाओं ने तहसील के कर्मचारियों की मिलीभगत से बल्लभगढ़ के राजा शहीद नाहर सिंह की रानी का मटिया महल पर कब्जाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। तिगांव रोड पर स्थित वैसे तो रानी का महल लंबे चौड़े इलाके में बना था। राजा नाहर सिंह को फांसी देने के बाद अंग्रेजों ने उनकी ज्यादातर संपत्ति नीलाम कर दी थी। शेष जमीन आजादी के बाद सरकार के रिकॉर्ड में आ गई। मटिया महल की 784 वर्ग गज जगह है। जिसका खसरा नंबर 195 है। इस जमीन की भूमाफियाओं ने बल्लभगढ़ तहसील के कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर अपने नाम पर रजिस्ट्री करवा ली थी। जिसके बाद भूमाफियाओं ने इस जमीन पर धड़ल्ले के साथ अवैध निर्माण करवाना शुरू कर दिया था

### कई बार हो चुकी हैं जांच

मटिया महल की इस जमीन पर अवैध निर्माण का मामला काफी तूल पकड़ गया था। करीब चार साल पहले तत्कालीन नगर निगम आयुक्त अनिता यादव के आदेश पर मटिया महल की सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माणों को पूरी तरह गिराकर नष्ट कर दिया था। जिसके बाद नगर निगम ने यहां अपना बोर्ड भी लगाया था। लेकिन अनिता यादव का तबादला होने के साथ ही भूमाफिया फिर से सक्रिय हो गए। भूमाफियाओं ने निगम के बोर्ड को उखाड़ कर फेंक दिया और फिर से जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। नगर निगम के बल्लभगढ़ जोन के अधिकारियों की नाक के नीचे निर्माण चलता रहा। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस लापरवाही या भ्रष्टाचार के कारण इस ऐतिहासिक जमीन पर एक फिर से मल्टी स्टोरी बिल्डिंग खड़ी हो गई हैं। मामले की जांच सीएम फ्लाइंग को सौंपी है। दो साल पहले सीएम फ्लाइंग की टीम ने मौके पर जांच और वीडियोग्राफी करवाई है।

### नहीं हुई कार्रवाई

अदालत अथवा सरकार का आदेश आने पर निगम अधिकारी सीलिंग की कार्रवाई करते हैं। कभी कभार मामूली रूप से तोडफ़ोड़ की जाती है। कुछ दिनों के बाद सील तोडक़र फिर से अवैध निर्माण शुरू हो जाता है। जिसे ध्यान में रखते हुए अवैध निर्माणों को रोकने के लिए सरकार की तरफ से समय समय पर कई तरह के प्रयास किए गए है। कुछ साल पहले अवैध निर्माणों को रोकने के लिए सरकार ने थाना स्तर पर कमेटियां बनाई थी। इन कमेटियों को अपनी रिपोर्ट सिटी मजिस्ट्रेट को हर महीने सौंपनी थी। लेकिन न तो कभी रिपोर्ट भेजी गई और न ही कभी कोई कार्रवाई हो पाई। सरकार ने अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करने के लिए गुप्तचर विभाग का भी सहारा लिया था। गुप्तचर विभाग द्वारा रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजी गई थी। वहीं सीएम फ्लाइंग द्वारा कई अवैध निर्माणों की गई थी। दो साल पहले सीएम फ्लाइंग ने सेक्टर 19 और 46 के अवैध निर्माणों की रिपोर्ट बनाकर भेजी थी। लेकिन अभी तक इन अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।

